उज्जैन
रविवार
28
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-235
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ अब हर अफसर कहता है, मैंने भी आरएसएस की चड्डी पहनी है
7 ▶ क्या वैभव सूर्यवंशी करेंगे डेब्यू, सीरीज बचाने उतरेगा भारत

## छात्रों की गूंज अभियान को राहुल गांधी का बड़ा समर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, विभाग प्रमुखों और संगठनात्मक इकाइयों से देशव्यापी छात्रों की गूंज अभियान को पूरी ताकत से सफल बनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को मौजूदा व्यवस्था से बाहर निकालकर उन्हें बेहतर अवसर देने के लिए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। राहुल गांधी ने पार्टी के महासचिवों, विभाग प्रमुखों, प्रदेश कांग्रेस समितियों, जिला कांग्रेस समितियों और शहर कांग्रेस समितियों के अध्यक्षों को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संघ के इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर पूरा सहयोग दिया जाए. उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि देश के युवाओं की समस्याओं को सामने लाने का प्रयास है।

## आठ करोड़ की प्रतिबंधित ट्रामाडोल टेबलेट जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने प्रतिबंधित सायकोट्रोपिक दवा ट्रामाडोल की बड़े पैमाने पर तस्करी का पदार्फाश करते हुए दो लाख आठ हजार टेबलेट जब्त की हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करीब आठ करोड़ 32 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जांच में दवा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। गुजरात एटीएस के उपमहानिरीक्षक सुनील जोशी ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने अहमदाबाद के शाहीबाग स्थित नमस्ते सर्कल के पास एक निजी ट्रैवल्स की लक्जरी बस को रोककर तलाशी ली।

## महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक में बड़ा खुलासा तीन संदिग्ध हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि परीक्षा का प्रश्नपत्र बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर जाल बिछाकर कार्रवाई की गई, जिसके बाद तीन लोगों को पकड़ लिया गया। इस मामले में ठाणे जिले के कोंगांव पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। महाराष्ट्र टीईटी 2026 की परीक्षा 28 जून को पूरे राज्य में आयोजित होनी थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने की आशंका के चलते राज्य परीक्षा परिषद ने परीक्षा स्थगित कर दी। यह परीक्षा महाराष्ट्र के 1028 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जानी थी, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद थी।

## कांग्रेस बोली-सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों की जानकारी छिपाई

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के 6 शहीद जवानों के नाम सार्वजनिक करने के बाद विवाद हो गया है। कांग्रेस ने सरकार पर शहीदों के नाम छिपाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा कहा, ह्यसरकार ने इन जवानों की शहादत एक साल तक सार्वजनिक नहीं की। उन्हें वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे हकदार थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद में दिए गए एक बयान का वीडियो एक्स पर शेयर किया। इसमें राजनाथ सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। खेड़ा ने कहा, 'दो ही संभावनाएं हैं। या तो रक्षा मंत्री को उस समय छह जवानों की शहादत की जानकारी नहीं थी या उन्होंने संसद को गुमराह किया। दोनों ही स्थितियां गंभीर हैं।'

## ब्रिटेन में तेलंगाना के युवा की संदिग्ध मौत बर्थडे पार्टी में गया था

**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के 25 साल के श्रीनाथ रेड्डी की ब्रिटेन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह करीब 14 महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई के लिए लंदन गए थे और लीसेस्टर की डी मॉन्टफोर्ट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे। परिवार के मुताबिक, 22 जून की रात श्रीनाथ ने घर पर बात की थी और सब कुछ सामान्य था। इसके बाद वह एक बर्थडे पार्टी में गए थे। अगले दिन 23 जून की सुबह उनके रूममेट ने उन्हें मृत पाया। रूममेट ने दोस्तों को बताया कि श्रीनाथ ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। हालांकि, मौत की वजह को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। श्रीनाथ के पिता मधुसूदन रेड्डी ने केंद्र और तेलंगाना सरकार से बेटे का शव जल्द भारत लाने में मदद की अपील की है।

## टीएमसी बागी गुट की 47 पूर्व पार्षदों के साथ बैठक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने एक हफ्ते में दूसरी बार मीटिंग की। इसमें 47 पूर्व पार्षद शामिल हुए। बैठक पूर्वी कोलकाता के टॉपसिया इलाके में हुई। इससे पहले 22 जून को न्यू टाउन में भी बागी गुट की बैठक हुई थी। दोनों बैठकों में टीएमसी का नाम और चुनाव चिह्न इस्तेमाल किया गया, लेकिन ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं लगाई गई। इधर, ममता बनर्जी गुट की डोला सेन ने न्यू टाउन और प्रगति मैदान थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक संदेश प्रसारित करने के साथ बिना अनुमति बैठक करने का भी आरोप लगाया गया है।

### पाकिस्तान के कराची में पैरामिलिट्री हेडक्वार्टर पर आतंकी हमला

# 4 सुरक्षाकर्मियों और 6 आतंकियों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ कराची**

पाकिस्तान के कराची में शनिवार रात आतंकियों ने सिंध रेंजर्स के पैरामिलिट्री हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। हमला रात करीब 8.30 बजे गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में हुआ। इसमें चार रेंजर्स की मौत हो गई। जवाबी कार्रवाई में छह आतंकी मारे गए, जबकि एक आतंकी को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया गया।



**तालिबान से जुड़े जमात-उल-अहरार ने जिम्मेदारी ली**

**आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी गई**

**आसपास की सड़कें बंद कर दी**

### इलाके की घेराबंदी, लोगों को घरों में रहने की सलाह

- हमले के बाद पूरे परिसर और आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी गई। आसपास की सड़कें बंद कर दी गईं और लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। ऑपरेशन के दौरान आसपास के कुछ इलाकों में बिजली भी बाधित रही। रेस्क्यू-1122 की टीमें भी मौके पर पहुंचीं।
- सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने घटना की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक और कराची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक को मामले की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। वहीं, गृह मंत्री जियाउल हसन लांजर ने भी घटना पर अलग से रिपोर्ट मांगी है।

### आतंकी गाड़ी से मैन गेट तोड़ते हुए परिसर में घुसे

पीटीआई के मुताबिक, आतंकी गाड़ी से मैन गेट तोड़ते हुए परिसर में घुसे। इसके बाद उन्होंने हैंड ग्रेनेड फेंके और फायरिंग शुरू कर दी, जिससे कई धमाके हुए। करीब 90 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट, एंटी टेररिस्ट फोर्स और रेंजर्स ने सभी हमलावरों को काबू कर लिया। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, हमलावर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के धड़े जमात-उल-अहरार से जुड़े थे। इस संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन अफगानिस्तान सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा में नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और सरकारी ठिकानों पर हमले करता रहा है।

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर से गुजरात के लिए भारत टैक्सी का शुभारंभ किया

# ऑटो और फोर-व्हीलर तीनों श्रेणियों में सेवा शुरू

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को मोबिलिटी के क्षेत्र में चरितार्थ करते हुए आज भारत टैक्सी सारथियों के जीवन में बदलाव ला रही है। भारत टैक्सी से जुड़े 7 लाख सारथी, चालक ही इसके मालिक हैं - इससे उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिल रही है।

स्पर्धी कंपनियों द्वारा अचानक दाम घटाना भारत टैक्सी की एंट्री रोकने की कोशिश है ताकि वे फिर मनमानी कर सकें पर भारत टैक्सी सेवा के संकल्प के साथ मैदान में डटी रहेगी।

आगामी 2 वर्षों में भारत टैक्सी 500 से अधिक शहरों और कस्बों तक पहुंचेगी, वहीं 31 जुलाई से पहले देश के 7 प्रमुख शहरों में इसकी सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी।

'ड्राइवर' और 'सारथी' की अवधारणा में यही मूल अंतर है - निजी कंपनियां उन्हें केवल ड्राइवर मानती हैं, जबकि भारत टैक्सी उन्हें सारथी का सम्मान देती है। भारत टैक्सी में सारथी केवल ड्राइवर नहीं, बल्कि इसके शेयर होल्डर हैं, वे किसी ऐप कंपनी पर निर्भर नहीं हैं। भारत टैक्सी को सफल बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सारथियों और ग्राहकों की है- तात्कालिक लाभ के बजाय आगे आकर इसे अपनाएं। 'भारत टैक्सी' सारथियों की अपनी कोऑपरेटिव है - यह ऋण में सहायता, बीमा की सुरक्षा और बिजनेस एक्सपेंशन मॉडल को भी पोषित करेगी।

### शहरी परिवहन सेवाएं भी इसका हिस्सा बन चुकी

भारत टैक्सी ने गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, गुजरात स्टेट कोऑपरेटिव बैंक, ट्रैफिक पुलिस, अहमदाबाद एयरपोर्ट और पश्चिम रेलवे के साथ एमओयू किए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में सहकारिता आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का गुजरात में शुभारंभ किया। भारत टैक्सी का उद्देश्य टैक्सी, ऑटो और दोपहिया मोबिलिटी सेवाओं से जुड़े सारथियों को मालिकाना हिस्सेदारी, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि से जोड़ते हुए नागरिकों को विश्वसनीय और सेवा-भाव आधारित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, गुजरात के सहकारिता मंत्री जीतूभाई वाघाणी, गुजरात के सहकारिता राज्य मंत्री रमेशभाई कटारा, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, गुजरात के मुख्य सचिव मनोज दास, भारत टैक्सी के अध्यक्ष डॉ. जयेन मेहता सहित सहकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में सारथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज भारत के मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ टैक्सी और यातायात सेवाओं की आवश्यकता घर-घर तक पहुंची है और अब टैक्सी की अवधारणा चारपहिया वाहन तक सीमित नहीं रही, बल्कि दोपहिया, ऑटो और अन्य शहरी परिवहन सेवाएं भी इसका हिस्सा बन चुकी हैं। गुजरात में भारत टैक्सी का शुभारंभ इसी व्यापक मोबिलिटी जरूरत को सहकारिता के माध्यम से नई दिशा देने वाला कदम है।

# दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

### अफगानिस्तान में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप का असर

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली**

**8 देशों में भी महसूस हुए झटके**

अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में शनिवार शाम 7.04 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर अफगानिस्तान समेत 8 देश भारत, पाकिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान में देखा गया।

देश में जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर में भी झटके महसूस किए गए। लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। इसका केंद्र उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में कलाफगान से करीब 81 किलोमीटर दूर था और गहराई 215 किमी थी। श्रीनगर के रहने वाले इम्तियाज अहमद ने बताया कि वह घर के बाहर कुर्सी पर बैठे हुए थे। तभी कुर्सी और बिजली की तारें हिलने लगीं। वहीं स्टूडेंट वहीद ने कहा कि वह रास्ते में थे तभी उन्हें हल्के झटके महसूस हुए।

# क्षिप्रा नदी में मिल रहा सिद्ध आश्रम घाट से नाले का पानी, श्रद्धालु अनजाने में कर रहे स्नान





**ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन**

क्षिप्रा नदी में अभी भी सिद्ध आश्रम घाट से नाले का पानी मिल रहा है जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। घाट से होकर जाने वाले श्रद्धालु नाले के गंदे पानी के संपर्क में आ रहे हैं। सिद्ध आश्रम घाट पर अनजाने में श्रद्धालु नाले के गंदे पानी से स्नान कर रहे हैं।

# सोनिया बोलीं- गाजा में बच्चों को खत्म करने की कोशिश, भारत अकेला जिसने चुप्पी साधी

### दुनिया इजराइल से दूर जा रही, भारत पास

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई पर मोदी सरकार के स्टैंड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा, संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की जून 2026 की रिपोर्ट बताती है कि इजराइल गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से बच्चों को निशाना बना रहा है। इतनी गंभीर रिपोर्ट आने के बाद भी मोदी सरकार चुप है।

सोनिया ने लिखा कि इस आयोग की अगुआई अब भारत के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जारी 94 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल की कार्रवाई का मकसद गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करना है और इसके लिए बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है।



### सोनिया बोलीं- रिपोर्ट में बच्चों पर हमलों के बड़े दावे

- गाजा में अब तक कम से कम 20 हजार बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 44 हजार बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से कई बच्चे पूरी जिंदगी के लिए विकलांग या गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बच्चों को निशाना बनाना कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति है।
- गाजा में मारे गए या घायल लोगों में 27% बच्चे हैं। कई लड़कों के सिर और गर्दन में गोली लगने के निशान मिले। गाजा के 97% स्कूल तबाह हो चुके हैं। बच्चों के अस्पतालों समेत स्वास्थ्य व्यवस्था भी नष्ट कर दी गई है। इसके कारण गर्भपात और प्रसव संबंधी जटिलताओं में 300% तक बढ़ोतरी हुई है।
- करीब ढाई साल पहले हमास ने इजराइल पर जो हमला किया था, वह बेहद भयावह, जघन्य और पूरी तरह अस्वीकार्य था। लेकिन इसके बाद इजराइली सेना और राजनीतिक नेतृत्व की जवाबी कार्रवाई अंधाधुंध क्रूरता और बर्बरता से भरी रही।

## सिया गई थी प्रेमी के साथ मैच देखने

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ पुणे**

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में सोशल मीडिया पर नया वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी मंगेतर सिया गोयल अपने प्रेमी चेतन चौधरी के साथ महाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखती नजर आ रही है। हालांकि, यह वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इधर, केतन अग्रवाल के परिवार और स्थानीय लोगों ने शनिवार को पिंपरी-चिंचवड़ में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने केतन को श्रद्धांजलि दी और हाथों में तख्तियां लेकर उसके लिए न्याय की मांग की। वहीं, पुणे पुलिस ने शुक्रवार को 10 घंटे तक सिया के भाई साहिल गोयल से करीब 10 घंटे पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, साहिल चेतन चौधरी को जानता है। उसने बताया कि चेतन और सिया की दोस्ती क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी।

### सार्थक ने बनाया पोर्टल

## 1.66 करोड़ खरीद का डेटा सार्वजनिक किया

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ रांची**

रांची के 17 साल के टेक रिसर्चर और सीबीएसई के 12वीं के स्टूडेंट सार्थक सिद्धांत ने भारत सरकार के सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल के करीब 1.66 करोड़ सरकारी खरीद रिकॉर्ड वाला एक सार्वजनिक पोर्टल लॉन्च किया है। सार्थक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पारदर्शिता हर किसी की पहुंच में होनी चाहिए और आज से यह संभव है। दरअसल, सिद्धांत ने 12वीं क्लास की परीक्षा दी थी। नंबर कम आने पर उन्होंने री-इवैल्यूएशन के लिए अपनी स्कैन की गई आंसरशीट मंगाई थीं। 12वीं क्लास के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और डरट का काम करने वाली कंपनी कॉम्प्ट से जुड़ी टेंडर प्रोसेस में गड़बड़ी का खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि पिछले दो हफ्तों में इकट्ठा किए गए रिकॉड आम लोगों, पत्रकारों और रिसर्चर्स के लिए उपलब्ध कराया गया है, ताकि कोई भी इन रिकॉर्ड्स को आसानी से देख और उनका विश्लेषण कर सके।

### वेनेजुएला में लोग खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे

# भूकंप के झटके से अब तक 1430 मौतें

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ कारकस**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए।

इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 1430 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।



**करीब 3300 घायल 51 हजार लापता**

**अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया**

कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।



## खबर एक नजर...

### बैंक ऑफ इंडिया चेक फर्जीवाड़ा मामले में तीनों आरोपी दोषमुक्त

**उज्जैन।** दिसंबर 2022 में बैंक ऑफ इंडिया, शाखा अरविंद नगर उज्जैन में फर्जी चेक के माध्यम से 7 लाख 10 हजार रुपये आहरण करने का मामला सामने आया था। मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा कंचन सिंह, राकेश और राहुल राठौर को आरोपी बनाते हुए न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण न्यायालय में चला। विचारण के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शशांक कुमार जैन ने तर्क प्रस्तुत किए। न्यायालय ने बचाव पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए साक्ष्य के अभाव में तीनों आरोपियों कंचन सिंह, राकेश और राहुल राठौर को दोषमुक्त किया। अधिवक्ता शशांक कुमार जैन ने बताया कि विचारण के दौरान बैंक और पुलिस की भूमिका संदेहास्पद रही। पुलिस अनुसंधान में कमी और बैंक अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभियोजन पक्ष आरोपियों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका।

### बद्री नारायण मंदिर के नवीन शिखर पर 29 को होगी कलश स्थापना

**उज्जैन।** शहर के पान्दरीबा चौराहा स्थित नव नारायणों में प्रथम श्री बद्री नारायण मंदिर के शिखर का नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो गया है। इस उपलक्ष्य में 29 जून को नवीन शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना और ध्वजारोहण किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का आयोजन होगा। पुजारी पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि स्वर्गीय बलराम जमाना बाई पाठक के सान्निध्य में शिखर के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है। सोमवार, 29 जून को शिखर पर कलश व ध्वजा स्थापित करने के पश्चात शाम 6 से रात 11 बजे तक महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। बारिश होने की स्थिति में प्रसादी वितरण की व्यवस्था मोदी गली स्थित चौरसिया धर्मशाला में रहेगी। श्री बद्री नारायण जी पुजारी परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन व प्रसादी का लाभ लेने की अपील की है।

### 50 क्विंटल हलवे का वितरण

**उज्जैन।** जूना सोमवारिया स्थित पत्ती बाजार में मोहर्रम के अवसर पर बिस्मिल्लाह कमेटी द्वारा सबील लगाकर 10 दिवसीय तबर्रुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बिस्मिल्लाह कमेटी द्वारा मोहर्रम की 1 तारीख से लेकर 9 तारीख तक सबील पर अलग-अलग प्रकार के तबर्रुक का वितरण किया गया। अनीश भाई लकड़ी वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 26 वर्षों से बिस्मिल्लाह कमेटी द्वारा सबील लगाकर खिदमत की जा रही है। रसूल अल्लाह के नवासे शहीदे आजम इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में यह सबील लगाई जाती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मोहर्रम की 10 तारीख को तबर्रुक के रूप में 50 क्विंटल हलवे का वितरण किया गया।

### पारंपरिक रेखाओं से सहेजी संस्कृति, महिलाओं ने सीखी संस्कार भारती रंगोली

**उज्जैन।** उज्जैन में समग्र चेतना ग्रामोत्थान महिला कल्याण समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वाधान में व्यास नगर कम्युनिटी हॉल में संस्कार भारती रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक रेखाओं और चिन्हों के माध्यम से रंगोली कला को बढ़ावा देना तथा महिलाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने सहभागिता कर कला की बारीकियां सीखी।

# रेलवे स्टेशन पर बैग स्कैनर मशीन का नहीं हो रहा उपयोग

## बिना सामान चेक कराए ही अंदर एंट्री कर रहे हैं यात्री, खतरे में सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों राम भरोसे ही बनी हुई है। रेलवे स्टेशन पर बैग स्कैनर मशीन तो है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है इस कारण बिना सामान चेक कराए ही यात्री अंदर एंट्री कर रहे हैं। कई महीने से यह स्थिति बनी हुई है। ऐसे में प्लेटफार्म पर प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की पहचान नहीं हो पा रही है। महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन उसके बाद भी सुरक्षा की दृष्टि से लगेज स्कैनर मशीन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उज्जैन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के तहत मुख्य भवन के प्रवेश द्वार पर लगेज स्कैनर मशीन लगाई गई थी। रेलवे स्टेशन पर इस आधुनिक मशीन का उपयोग काफी कारगर रहा। लेकिन पिछले कई महीने से इस मशीन का उपयोग नहीं हो रहा है।इस कारण बिना सामान चेक कराए ही यात्री अंदर एंट्री कर रहे हैं।





सुरक्षा के लिहाज से उज्जैन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई गई थी। लेकिन यहां किए गए सुरक्षा के प्रबंध का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर लगेज स्कैनर मशीन सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है।साथ ही यात्री इस मशीन का बैठने में इस्तेमाल कर रहे हैं। महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगाई गई लगेज स्कैनिंग मशीन काफी दिनों से शोपीस बनकर रखी हुई है।

महाकाल मंदिर दर्शन के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन की भी सुरक्षा व?यवस?था चाक चौबंद करने के लिए प?लेटफार्म पर प्रवेश से पहले लगेज स्कैनर मशीन को लगाया गया था। शुरू के दिनों में सुरक्षा कड़ी होने की वजह से स्टेशन परिसर में हाइटेक व्यवस्था रही और स्कैनर मशीन का बेहतर प्रयोग भी किया गया। कुछ समय तक इस मशीन का उपयोग हुआ लेकिन इसके बाद इस मशीन का उपयोग बंद कर दिया गया। इस कारण यात्री बिना सामान चेक कराए ही रेलवे स्टेशन के अंदर एंट्री कर रहे हैं इस कारण यहां की सुरक्षा व?यवस?था भगवान भरोसे है। पिछले दिनों सोमवती अमावस्या पर बाहर से आने वाले लोगों की इतनी भीड़ देखी गई थी कि उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पैर रखने की भी जगह नहीं थी। ट्रेन में जगह नहीं मिल रही थी। लेकिन ऐसे में रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे थी उस दौरान भी लगेज स्कैनर मशीन का उपयोग नहीं किया गया था।

### सम्राट दाहिरसेन की याद में आज होगा सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु' का मंचन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधुपति सम्राट दाहिरसेन की याद में आगामी रविवार 28 जून को शहर में भव्य सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु' का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल, सिंधु जागृत समाज और भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास अकादमी के संकुल हाल में शाम 7:30 बजे से होगा।

आयोजकों ने बताया कि नाटक का प्रवेश पूर्णतः निशुल्क रहेगा, लेकिन सुचारू व्यवस्था के लिए पास लागू किए गए हैं। नागरिक कार्यक्रम स्थल से भी पास प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के पश्चात स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। आमंत्रण पास प्राप्त करने के लिए रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, दौलत खेमचंदानी, अजय रोहरा, होतचंद सेठिया और तुलसी राजवानी से संपर्क किया जा सकता है। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए 24 जून को तवानी कम्युनिटी हॉल में सिंधु जागृत समाज और भारतीय सिंधु सभा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी को कार्यक्रम संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में अध्यक्ष प्रताप रोहरा, संरक्षक रमेश सामदानी, सचिव महेश गंगवानी, उपाध्यक्ष गोपाल बलवानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा सहित दौलत खेमचंदानी, रमेश गजरानी, जवाहर सनमुखानी, विजय भागचंदानी, विनोद दुल्ला, जवाहर कोटवानी, दीपक राजवानी और तुलसी राजवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजक संस्थाओं ने सभी समाजजनों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# महाकाल सवारी दिखावा नहीं परंपरा है, डीजे और स्वागत मंचों पर लगे पूर्ण प्रतिबंध

## वीआईपी कल्चर खत्म कर पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बढ़ावा दे प्रशासन : सुरेंद्र सांखला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली बाबा महाकालेश्वर की शाही सवारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सांखला ने इसके पूर्णतः पारंपरिक और धार्मिक स्वरूप को बनाए रखने की मांग की है। उन्होंने सवारी में बढ़ते अनावश्यक दिखावे, वीआईपी कल्चर, डीजे और स्वागत मंचों पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए प्रशासन से आम श्रद्धालुओं की सुलभ दर्शन व्यवस्था को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

### पूंजीवाद नहीं, दर्शन और भक्ति पर हो फोकस

सांखला ने कहा कि सवारी का मूल भाव राजा का अपनी प्रजा का हाल जानना है। वर्तमान में कुछ लोग अपना ताम-झाम, प्रचार-प्रसार और धन-बल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अनुचित है। धार्मिक यात्रा में पूंजीवाद के प्रदर्शन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। भक्त केवल सेवक के रूप में दर्शन लाभ लें। प्रसादी बांटने के नाम पर निजी प्रचार से व्यवस्था बिगड़ती है, जो सीधे आस्था के साथ खिलवाड़ है।

### डीजे और फिल्मी गानों पर लगे सख्त प्रतिबंध

सवारी में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर चिंता जताते हुए सांखला ने मांग की कि डीजे, तेज बैंड-बाजे, फिल्मी गानों और बाहरी झांकियों पर तुरंत प्रतिबंध लगे। लाउडस्पीकर का दुरुपयोग रोकते हुए प्रशासन ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का सख्ती से पालन कराए। सवारी मार्ग पर केवल शिव स्तुति और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने चाहिए। सवारी में सिर्फ पारंपरिक वाद्य यंत्र जैसे ढोल, नगाड़े, शंख, शहनाई और भजन मंडलियों को ही शामिल किया जाए।

### मंचों से संकरा हो रहा मार्ग, पूर्ण प्रतिबंध की मांग

उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच रास्ते में बड़े-बड़े स्टेज लगाकर मार्ग को संकरा करना गलत है। स्वागत और निजी प्रचार के लिए लगाए गए इन मंचों से भगदड़ की स्थिति बन सकती है। इसलिए सवारी मार्ग पर स्वागत मंचों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। सांखला ने बाहरी श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से यातायात व्यवस्था और डायवर्जन में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की। सांखला ने जिला प्रशासन और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति से मांग की है कि संयुक्त निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सवारी का राजनीतिक या व्यावसायिक उपयोग न हो। यदि सवारी के मूल स्वरूप को नहीं बचाया गया तो आने वाली पीढ़ियां क्षमा नहीं करेंगी।

### अजाक्स का प्रांतीय साधारण सभा एवं मालवांचल अजाक्स महासम्मेलन आज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) द्वारा उज्जैन में प्रांतीय साधारण सभा एवं मालवांचल अजाक्स महासम्मेलन का आयोजन 28 जून 2026 को दशहरा मैदान परेड ग्राउंड में किया जाएगा। सम्मेलन दो सत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन समिति के प्रमुख एवं उज्जैन संभाग प्रभारी प्रांतीय महासचिव अजाक्स श्री महेश विरोलिया, प्रांतीय सचिव श्री रमेशचंद्र चांगेसिया, संभागीय अध्यक्ष श्री जगन्नाथ बागड़ी एवं अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के सभी 55 जिलों से अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग के 10 हजार से अधिक समाजजन, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। महासम्मेलन में कर्नाटक के राज्यपाल डा. थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यनारायण जटिया, राज्यसभा सांसद राष्ट्र संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा उज्जैन प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, पूर्व मंत्री श्री लालसिंह आर्य, क्षेत्रीय विधायक, महापौर एवं नगर निगम सभापति सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

## मेधावी विद्यार्थियों का भी होगा सम्मान युवा संगठन की खेल स्पधाएं संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री माहेश्वरी समाज युवा संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन के बाद 28 जून, रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम छोटा सराफा स्थित श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के माहेश्वरी भवन में संपन्न होगा। समापन समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

युवा संगठन द्वारा तैराकी, खो-खो, सितोलिया और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। क्रिकेट प्रतियोगिता में लक्की ड्रॉ के माध्यम से 8 टीमें बनाई गई थीं। इसका फाइनल मैच माहेश्वरी सुपर किंग्स और नरसिम्हा वारियर्स के बीच खेला गया, जिसमें नरसिम्हा वारियर्स ने खिताबी जीत दर्ज की। युवा संगठन ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी। इसके अलावा हाल ही में हुए कवि सम्मेलन की भी समाजजनों ने भरपूर सराहना की है। इससे पूर्व 23 जून को महेश नवमी पर्व पर गोलामण्डी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर महाप्रसादी ग्रहण की थी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चोखड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष उषा भट्टड़, प्रगति मंडल अध्यक्ष समीता लखोटिया, मालवांचल प्रदेश सभा के संयुक्त सचिव ओमप्रकाश काबरा, महेश नवमी पर्व संयोजक निलेश कोठारी मौजूद रहेंगे।

इनके अलावा सदस्य महेश चांडक, गिरीश भट्टड़, सत्यनारायण मूंदड़ा, मंगल भट्टड़, भूपेन्द्र जाजू, कैलाश जैथलिया, युवा संगठन सचिव विजय जाजू, सह सचिव दीपक झंवर, उपाध्यक्ष अंकित जाजू, महेश झंवर, कोषाध्यक्ष संदीप जैथलिया और सदस्य शुभम झंवर, केशव सोमानी, पुलकित माहेश्वरी, लखन झंवर, गौरव सारडा, गोपाल लढ़ा एवं केशव बाहेती सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# लायंस क्लब अशोक के नए अध्यक्ष बने दिग्विजय सिंह चौहान, होनहार छात्रों को देंगे स्कॉलरशिप

### नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, शशांक भट्ट ने सचिव व पंकज गेरा ने ली कोषाध्यक्ष की शपथ, 20 नए सदस्य भी जुड़े

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



लायंस क्लब उज्जैन अशोक के नवीन सत्र का संस्थापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ला. दिग्विजय सिंह चौहान ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। उनके साथ ला. शशांक भट्ट ने सचिव और ला. पंकज गेरा ने कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाला।

शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष ला. दिग्विजय सिंह ने आगामी वर्ष के सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद छात्रों के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें से चयनित होनहार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। सेवा कार्यों की शुरूआत करते हुए शासकीय माध्यमिक विद्यालय हीरा मिल की चाल के विद्यार्थियों को 500 कॉपियों का वितरण किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि वीडीजी-2 ला. संजय सक्सेना ने क्लब में शामिल हुए 20 नए सदस्यों को लायनवाद और सेवा कार्यों की शपथ दिलाई। वहीं, शपथ अधिकारी ला. आरजी पाठक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व निर्वहन की शपथ ग्रहण करवाई।

कार्यक्रम के संयोजक ला. श्रीकांत वैशम्पायन थे। संचालन ला. सुभाष चंद्र दुबे व ला. ऋषिराज सिंह अरोरा ने किया तथा आभार ला. शशांक भट्ट ने माना। इस अवसर पर ला. गिरीश जायसवाल, ला. जगदीश अखंड, ला. संजीव गडकरी, ला. दीपक शाह, ला. चिराग शाह, ला. हरि सोलंकी, ला. पीएल टटवाल, ला. आरएस परमार, ला. नितेंद्र रघुवंशी, ला. हरीश देवनानी, ला. जय डेमलानी, ला. नवीन बासवानी, ला. दीपक शर्मा, ला. गुरमीत सिंह जुनेजा और ला. बलविंदर सिंह कपूर सहित अन्य लायन सदस्य उपस्थित थे।

## भारतीय शिक्षा का सकारात्मक माहौल बनाएं प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता

# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय बैठक में बोले डॉ. अतुल कोठारी, एनआईटी नई दिल्ली में हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में न्यास के राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार की बैठक एनआईटी परिसर में आयोजित की गई। शुभारंभ सत्र में स्वागत वक्तव्य देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे संस्थान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्णतः क्रियान्वित किया है। डॉ. अतुल कोठारी के प्रयासों से देश की शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उनका विजन पूरे देश के लिए लाभदायक है। उनके शिक्षा संबंधी सभी व्याख्यानों को यूट्यूब पर अपलोड करने का दायित्व हमने लिया है।

न्यास के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार संयोजक डॉ. जफर महमूद ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि न्यास देश में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। हमारे कार्य के सकारात्मक पहलू समाज तक पहुंचना बहुत आवश्यक है। यह काम प्रचार-प्रसार के कार्यकताओं को करना चाहिए। हम नकारात्मकता को रोक नहीं सकते, लेकिन सकारात्मक प्रचार से इसे कम जरूर किया जा सकता है। साधारण व्यक्ति को जैसा दिखता है, उसे वैसा ही समझ आने लगता है। अच्छी बातों का सामान्य व्यक्ति पर अच्छा प्रभाव होता है, इसलिए व्यक्तिगत रूप से हमें अच्छाइयां बांटने का काम करना चाहिए।

डॉ. कोठारी ने कहा कि प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता के पास सामग्री और सजगता दोनों का होना आवश्यक है। कार्यकर्ता को देश की शिक्षा व्यवस्था और न्यास के बारे में संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर सामग्री अपलोड करने से पहले कार्यकर्ता शब्दों का सही चयन और सूक्ष्म परीक्षण करें। सामग्री साझा करने से पहले उसकी गंभीरता को समझें। अध्ययनशील, चिंतनशील और विचारशील कार्यकर्ता बनकर न्यास के कार्यों को समाज के बीच ले जाने का काम करें।

कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक अथर्व शर्मा ने बैठक की भूमिका प्रस्तुत की। सत्र का संचालन डॉ. आलोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, एनआईटी के निदेशक प्रो. अजय कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. हितेश कुमार शर्मा, न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता व सह-संयोजक संजय स्वामी का स्वागत सह-संयोजक डॉ. आयुष गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. जफर महमूद और गौरव गौतम ने किया।

# पिता के नाम रोपे 101 पौधे, विश्वविद्यालय क्षेत्र में मनाया हरियाली महोत्सव



### अर्ली मॉर्निंग वॉकिंग ऑर्गेनाइजेशन ने स्वर्गीय जगदीश नारंग की स्मृति में लगाए नीम और पीपल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अर्ली मॉर्निंग वॉकिंग ऑर्गेनाइजेशन द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय जगदीश नारंग की स्मृति में 12वां हरियाली महोत्सव मनाया गया। 'एक पौधा पिता के नाम' अभियान के तहत विक्रम विश्वविद्यालय क्षेत्र में आम, पीपल और नीम सहित 101 पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मिश्रीलाल चौधरी थे। अध्यक्षता पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. दिलीप सोनी ने की। मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि लोक जीवन में नदी मन, पहाड़ मित्र और धरती हमारी मां है। वन हमारी मुस्कान का आधार हैं, इसलिए हर व्यक्ति को अपने पिता के नाम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। डॉ. सोनी ने कहा कि सृष्टि का अस्तित्व प्रकृति की समृद्धि पर आश्रित है। औद्योगिक क्रांति ने उपजाऊ मिट्टी को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसे सहेजना अब बेहद आवश्यक है। संस्था के संरक्षक सुमित नारंग ने कहा कि श्रद्धा भाव से पर्यावरण रक्षा का संकल्प ही प्रकृति की असली हरियाली है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने कहा कि महाकालेश्वर

दैनिक ब्रह्मास्त्र

काते कान्ता धन गतचिन्ता, वातुल किं तव नास्ति नियन्ता।
त्रिजगति सज्जनसं गतिरैका, भवति भवार्णवतरणे नौका॥

**अर्थः** तुम्हें पत्नी और धन की इतनी चिंता क्यों है, क्या उनका कोई नियंत्रक नहीं है तीनों लोकों में केवल सज्जनों का साथ ही इस भवसागर से पार जाने की नौका है।

## खबर एक नजर...

### आईआईटी इंदौर के 11 छात्रों को सालाना एक करोड़ से अधिक का पैकेज

**इंदौर।** वैश्विक आर्थिक सुस्ती और आईटी सेक्टर में छंटनी के दौर के बावजूद आईआईटी इंदौर ने इतिहास का सबसे सफल प्लेसमेंट सीजन दर्ज किया है। पहली बार संस्थान के 11 बीटेक छात्रों को एक-एक करोड़ रुपए सालाना से अधिक के पैकेज मिले हैं। वहीं, बीटेक के 93 प्रतिशत से अधिक छात्रों को डिग्री पूरी होने से पहले ही नौकरी के ऑफर मिल चुके हैं। शनिवार को संस्थान के 14वें दीक्षांत समारोह में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्था के डायरेक्टर प्रो. सुहास एस. जोशी ने यह जानकारी दी।

### तीन महीने में उखड़ी सड़क, गड्ढे हुए

**इंदौर।** इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुनारखेड़ी फाटे के पास 120 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की गुणवत्ता पर पहली ही बारिश ने सवाल खड़े कर दिए हैं। मार्च में जिस लेन को बड़े दावों के साथ यातायात के लिए खोला गया था, उसकी सड़क तीन महीने के भीतर ही उखड़ गई। करीब 175 मीटर हिस्से में डामर उखड़ने से गड्ढे बन गए हैं, जिससे हाईवे पर गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। मामले के सामने आते ही निर्माण एजेंसी ने आनन-फानन में पेचवर्क शुरू करा दिया। नेशनल हाईवे पर रेल क्रॉसिंग को देखते हुए डेढ़ किमी लंबे आरओबी का निर्माण 2024 में शुरू किया था। निर्माण के दौरान इसे डेढ़ साल में पूरा करने का दावा किया था। लेकिन समय पर यह काम पूरा नहीं हो सका। 23 मार्च को यहां पीथमपुर से धार तक टॉवर वैगन इंजन से टेस्टिंग होना तय हुआ था। टेस्टिंग को देखते हुए ताबड़तोड़ काम किया और एक लेन पूरी कर यहां यातायात शुरू कर दिया। आरओबी पर काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि इस आरओबी की डिजाइन सिंगल लेन की है। इसमें रेलवे द्वारा सिंगल लेन पर ही वाहनों का आना-जाना कराया। इसमें दबाव बढ़ने के कारण जल्दी डामर उखड़ गया, जिसका पेचवर्क शुरू हो गया है।

### आधी रात महिला के घर पहुंचा युवक, बच्चे को साथ ले जाने की कोशिश

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के बीच एक युवक पर महिला के घर पहुंचकर मारपीट करने, चाकू दिखाकर धमकाने और बच्चे को अपने साथ ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार शांति दीप गैस एजेंसी के पीछे रहने वाली ममता यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि 26 जून की रात करीब 1 बजे हिमांशू राणा उसके घर के आंगन में पहुंचा और उसके बच्चे को अपने पास लेकर खिलाने लगा। ममता के मुताबिक काफी देर तक जब हिमांशू ने बच्चे को वापस नहीं किया तो उसने उसे बच्चे को लौटाने और अपने घर जाने के लिए कहा। इस बात पर आरोपी नाराज हो गया और बच्चे को वापस देने से इनकार करते हुए महिला से विवाद करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर हिमांशू ने महिला को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई। इसके बाद उसने कहा कि अब बच्चा कोर्ट से लेना और फिर चाकू निकालकर महिला की ओर दौड़ पड़ा। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर आरोपी ने बच्चे को वापस कर दिया। महिला का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने उसे धमकी भी दी।

### इंदौर में तीन दिन में 5 बसों में तोड़फोड़, एजेंटी विवाद का आरोप

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली, तिलकनगर, भंवरकुआं और संयोगितागंज थाना क्षेत्रों में पांच बसों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। बस संचालकों ने आरोप लगाया है कि पूरा विवाद बसों की एजेंट बनने को लेकर है। मामले में दो थानों में नामजद शिकायत दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर शनिवार को बस संचालक पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पहुंचे। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से देवास बस यूनियन और चौहान ट्रेवल्स के संचालक धर्मेंद्र चौहान ने मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनकी बसें देवास-इंदौर और इंदौर-इच्छापुर रूट पर संचालित होती हैं। धर्मेंद्र चौहान ने शिकायत में बताया कि 25 जून को राहुल सोनकर और उसके साथियों ने बस के ड्राइवर और स्टाफ के साथ मारपीट की थी। इसके बाद बस के अंदर तोड़फोड़ भी की गई। घटना की सूचना स्टाफ ने 112 नंबर पर दी थी।

### मोबाइल स्नेचिंग गैंग का खुलासा, पांच मोबाइल और एक बाइक बरामद

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए पांच मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। आरोपी सुनसान इलाकों में घूमकर महिलाओं और राह चलते लोगों के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे। अन्नपूर्णा थाना प्रभारी हित गोपाल यादव को पिछले दिनों इलाके में लगातार मोबाइल लूट की शिकायतें मिल रही थीं। पीड़ितों ने पुलिस को बताया था कि बाइक सवार बदमाश उनके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बदमाशों की पहचान की।

---

**मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर टिप्पणी**

# अब हर अफसर कहता है, मैंने भी आरएसएस की चड्डी पहनी है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा- अब संघ में बहुत भीड़ हो गई है। हमारी संख्या बढ़ गई, हमारी बहुत बड़ी पार्टी बन गई है। जो अधिकारी आता है, वो कहता है मैंने भी संघ की पट्टी बांधी है। फ्रर की चड्डी पहनी है।

कैलाश विजयवर्गीय ने आगे बताया- एक अधिकारी ने मुझसे कहा कि- मेरे पिताजी संघ जाते थे। कोई कहता है कि मेरे पिताजी संघ में अध्यक्ष थे। इस पर तंज कसते हुए कहा- सरकार आने के बाद सभी अधिकारी संघ के हो गए हैं। बीजेपी की सरकार बनने के बाद अधिकारी भी खुद को संघ से जुड़ा बताने लगे हैं।

**मंत्री विजयवर्गीय बोले- संघ में अच्छे लोगों की कमी होती जा रही-** उन्होंने कहा- संघ में लोगों की भीड़ तो हो गई है, लेकिन अच्छे लोगों की कमी है। पहले अच्छे इंसान थे, अब ऐसे इंसानों की संघ में कमी होती जा रही है। संगठन बढ़ रहा है, विचारधारा भी बढ़ रही है, लेकिन अच्छे लोग नहीं होंगे तो इस विचारधारा का महत्व क्या है? हमें चिंतन और मनन करना चाहिए।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ बयान-** कैलाश विजयवर्गीय ने ये बयान भोपाल में शालिगराम तोमर स्मृति कार्यक्रम में दिया है। बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उनके बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा शुरू हो गई है।



### मंत्री विजयवर्गीय ने 22 जून 2026 को मुस्लिमों पर दिया था बयान

इससे पहले 22 जून 2026 को इंदौर में भी कैलाश विजयवर्गीय अपने बयान को लेकर चर्चा में आए थे। उन्होंने कहा था- यहां सड़क बन रही है। यहां हिंदू भाई भी रहते हैं और मुस्लिम भाई भी रहते हैं। कई मुस्लिम भाई हमको काफिर बोलते हैं। अगर हम काफिर हैं, तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो। आपके घर में लाड़ली बहना-लाड़ली लक्ष्मी योजना का पैसा आ रहा है, तो मत लो।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले- मेरी शादी भी शालिगरामजी ने कराई थी

इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शालिगराम तोमर को याद किया। उन्होंने कहा- शालिगरामजी ने कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम किया। कार्यकताओं की सभी समस्याओं को भी समझते थे। उन्होंने कहा-शालिगरामजी अनुशासन लाने का काम करते थे। मेरी तो शादी भी उन्हीं ने कराई थी। देवधर, मोघेजी जैसे लोगों को देखकर हमें ऊर्जा मिलती है। आज मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं परिषद वाले समय में पहुंच गया हूं।

### उमंग सिंघार ने विजयवर्गीय और सरकार को घेरा

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर लिखा- जब खुद मंत्री यह स्वीकार कर रहे हैं कि अधिकारी-कर्मचारियों में खुद को आरएसएस से जुड़ा बताने की होड़ बढ़ गई है, तो यह साफ संकेत है कि सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में ऐसा माहौल बना दिया है। उन्होंने आगे लिखा- जहां निष्पक्षता नहीं, बल्कि वैचारिक पहचान को सुरक्षा कवच समझा जा रहा है। इससे भी गंभीर बात यह है कि मंत्री जी स्वयं कह रहे हैं कि विचारधारा और संगठन तो मजबूत हो रहा है, लेकिन अच्छे लोग नहीं आ रहे, बुरे लोग आ गए हैं। उन्होंने लिखा- अगर भाजपा के वरिष्ठ मंत्री ही संगठन की गिरती गुणवत्ता और बढ़ते अवसरवाद को स्वीकार कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और उसके संगठनात्मक चरित्र का आत्मस्वीकार है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि मध्यप्रदेश संविधान और कानून से चलेगा या डर और वैचारिक पहचान के प्रमाणपत्र से?

---

**लव मैरिज के बाद हुई थी हत्या; गवाह मुकरने के बावजूद दोषियों को मिली सजा**

# भावना नगर हत्याकांड में 6 दोषियों को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

8 साल पुराने चर्चित ऑनर किलिंग केस में इंदौर विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट सभी आरोपियों को हत्या और हत्या के प्रयास का दोषी पाते हुए कठोर दंड से दंडित किया।

विशेष न्यायाधीश और अपर सत्र न्यायाधीश देवेंद्र प्रसाद मिश्र ने आरोपी अरुण भालसे, शिवराम भालसे, राहुल पंवार, सोनू दांगे, राजेश मोये और विशाल खेडेकर को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और धारा 307 के तहत 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है।

**बहन की लव मैरिज से नाराज था भाई-** प्रभारी उप संचालक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि भावना नगर निवासी रिंकी भालसे ने 2018 में तेजकरण भालसे से प्रेम विवाह किया था। इसी बात को लेकर रिंकी के परिजन नाराज थे। 26 जुलाई 2018 को आरोपियों ने तेजकरण को घर के नीचे बुलाया और बहन को भगाकर शादी करने की बात को लेकर विवाद किया। इसके बाद आरोपियों ने तेजकरण और उसके मित्र मोनू पर चाकुओं और लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल तेजकरण को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था।



### फिर भी साबित हुआ अपराध

मामले की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि मृतक की पत्नी रिंकी भालसे और घायल गवाह मोनूराव कोर्ट में अपने पूर्व बयानों से मुकर गए और अभियोजन का समर्थन नहीं किया। यहां तक कि घायल मोनू ने आरोपियों की पहचान करने से भी इनकार कर दिया।

इसके बावजूद आरती भदौरिया ने अन्य प्रत्यक्षदर्शी गवाहों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पैरवी की। कोर्ट ने अन्य चश्मदीद गवाहों की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए अभियोजन के तर्कों को स्वीकार किया और सभी आरोपियों को दोषी करार दिया।

### हत्या के साथ हत्या के प्रयास में भी सजा

कोर्ट ने माना कि आरोपियों ने न केवल तेजकरण की हत्या की, बल्कि मोनू की भी हत्या करने का प्रयास किया था। इसी आधार पर आरोपियों को हत्या के साथ-साथ हत्या के प्रयास के अपराध में भी दोष सिद्ध हुआ।

---

# यशवंत क्लब चुनाव आजः 5 हजार सदस्य चुनेंगे नई टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब में रविवार को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मियां चरम पर हैं। क्लब के 5,124 सदस्य नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के चयन के लिए मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए इस बार परमजीत सिंह (पम्मी) छाबड़ा और जितेंद्र जीतू जैन के बीच सीधा मुकाबला है।

मतदान रविवार सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना की जाएगी और परिणाम भी उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए क्लब परिसर में चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए दो अलग-अलग बैलेट पेपर दिए जाएंगे। एक बैलेट पेपर कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए होगा, जबकि दूसरा अध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों के चयन के लिए रहेगा। चुनाव मैदान में मुख्य रूप से पम्मी छाबड़ा पैनल और सचदेवा-गोरानी पैनल आमने-सामने हैं। इसके अलावा कुछ उम्मीदवार निर्दलीय भी चुनाव लड़ रहे हैं। लगातार दो कार्यकाल पूरे होने के कारण पूर्व अध्यक्ष टोनी सचदेवा और संजय गोरानी इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी टीम ने अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र जैन और सचिव पद के लिए विजय कस्तूरी को मैदान में उतारा है। वहीं दूसरी ओर पम्मी छाबड़ा पैनल ने अध्यक्ष पद के लिए परमजीत सिंह छाबड़ा और सचिव पद के लिए अतुल शेठ को उम्मीदवार बनाया है।

---

# गंभीर नदी पुनरुद्धारः सिर्फ चेक डैम नहीं बनेंगे, पहले मापेंगे पानी रुका भी या नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जानापाव से निकलने वाली और कभी बारहमासी बहने वाली गंभीर नदी अब बारिश के कुछ महीने बाद ही कई हिस्सों में सूख जाती है। नदी किनारे कई जगह भूजल 300 फीट से नीचे पहुंच चुका है। इसे सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने 73 किमी लंबी गंभीर नदी के पुनर्जीवन की डीपीआर तैयार की है।

सिर्फ चेक डैम व संरचनाएं बनाकर योजना पूरी नहीं मानी जाएगी। 50 चयनित कुओं का जलस्तर दर्ज किया जा रहा है, अगले साल दोबारा मापकर देखा जाएगा कि भूजल में कितना सुधार हुआ। जिला पंचायत के अनुसार गंभीर नदी के करीब 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 162 स्थानों पर जल संरक्षण व भूजल पुनर्भरण के काम प्रस्तावित हैं। इन कारणों से बिगड़ी नदी डीपीआर के अनुसार गंभीर का अधिकांश क्षेत्र बेसाल्ट की कठोर चट्टानों वाला है। इससे बारिश का पानी जमीन में कम समाता है। रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी की जलधारण क्षमता भी घटी है। कई पारंपरिक तालाब खत्म हो चुके हैं, नदी के पाट और बाढ़ क्षेत्र पर अतिक्रमण है।

रिज-टू-वैली मॉडल पर आधारित है योजना जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन के मुताबिक योजना में पहाड़ियों से नदी घाटी तक ह्यरिज-टू-वैलीह्न मॉडल पर जल संरक्षण कार्य किए जाएंगे। यानी पहाड़ियों के ऊपरी हिस्से से लेकर नदी घाटी तक जल संरक्षण की श्रृंखला विकसित की जाएगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कंटूर ट्रेंच और गली प्लग, ढलानों पर गेबियन स्ट्रक्चर और परकोलेशन टैंक बनाने जैसे काम होंगे। शहरी हिस्सों में वर्षा जल संग्रहण और ग्रे-वॉटर प्रबंधन भी लागू किया जाएगा।

जलस्तर, लोकेशन और फोटो रिकॉर्ड कर रही टीम वाटरशेड टीम चयनित कुओं का जलस्तर, जीपीएस लोकेशन और फोटो रिकॉर्ड कर रही है। अगले वर्ष इन्हीं कुओं का दोबारा सर्वे कर दोनों वर्षों के आंकड़ों की तुलना की जाएगी।

**- शिवम वर्मा, कलेक्टर**

---

**व्यापारियों ने कहा- पैसे लेकर भी कर देते हैं कार्रवाई, पारदर्शिता नहीं रखी तो होगा आंदोलन**

# अटाला बाजार में निगम कार्रवाई के बाद हंगामा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजवाड़ा स्थित अटाला बाजार में नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। कार्रवाई के बाद स्थानीय व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं ने निगम के रिमूवल दल पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

व्यापारियों का आरोप है कि निगम की रिमूवल टीम (पीली गैंग) कार्रवाई से पहले पैसों की मांग करती है, फिर रुपए लेने के बावजूद सामान जब्त करने और कार्रवाई करने से नहीं चूकती। यदि इस प्रकार की कार्यशैली जारी रही तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



**रिमूवल दल का सुपरवाइजर करता है अभद्रता-** कई फुटपाथ विक्रेताओं और व्यापारियों ने आरोप लगाया कि अभियान के दौरान रिमूवल दल के एक सुपरवाइजर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उनका कहना है कि अधिकारी ने गाली-गलौज करते हुए सामान जब्त किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

**दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग-** प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि वे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में नहीं हैं, लेकिन कार्रवाई कानून के दायरे में, पारदर्शी तरीके से और सम्मानजनक व्यवहार के साथ की जानी चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

---

# इंदौर के कनाड़िया में छात्र और उसके दोस्त से मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक छात्र और उसके दोस्त के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना एक कैफे के पास हुई, जहां चार युवकों ने दोनों के साथ मारपीट की और छात्र का वीडियो बनाकर उससे हाथ जोड़कर माफी भी मंगवाई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस के अनुसार दसवीं कक्षा के छात्र अब्दुल राजिक ने थाने में शाहनवाज, आशिफ, आरिस और उनके एक अन्य साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। छात्र ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले वह बाइक से नाहर शाह वाली दरगाह के पास से गुजर रहा था, तभी शाहनवाज मिला और उसने आरोप लगाया कि वह उसे घूरकर क्यों देख रहा है।

# बच्चों को स्कूल छोड़ने के दौरान महिला पर बनाता था बात करने का दबाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति पर लगातार पीछा करने, बात करने और होटल चलने का दबाव बनाने तथा मना करने पर बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय महिला की शिकायत पर बसंत गायकवाड़ के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। महिला ने बताया कि अप्रैल माह में उनके घर के बाहर हौज का काम चल रहा था। इसी दौरान बसंत वहां आया और बहाने से बातचीत करने लगा। महिला ने सामान्य बातचीत की, लेकिन इसके बाद बसंत लगातार उसके पीछे पड़ गया और उस पर बुरी नजर रखने लगा।

---

**हीरानगर में छात्र साइबर ठगी का शिकार, आरोपियों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर लोन दिलाने का झांसा दिया**

# फेसबुक पर दिखा लोन का ऑफर देकन 1.25 लाख रुपए ऐंठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हीरानगर में एक छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर लोन दिलाने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग चार्ज सहित अलग-अलग शुल्क के नाम पर उससे लगातार रुपए ट्रांसफर कराते रहे। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस के मुताबिक मारुति नगर निवासी अनिरुद्ध भदौरिया की शिकायत पर ऑनलाइन फ्रॉड का मामला दर्ज किया गया है।

अनिरुद्ध ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। 18 जून को उसकी फेसबुक आईडी पर लोन के लिए आवेदन करने का मैसेज आया, जिसमें एक लिंक भेजी गई थी। उसने लिंक पर क्लिक कर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया। कुछ देर बाद एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर सभी दस्तावेज, बैंक अकाउंट की जानकारी और फोटो मांगे। दस्तावेज भेजने के बाद 1 लाख रुपए का लोन स्वीकृत होने का मैसेज आया। भेजे गए लेटर पर इंडियाबुल्स धानी फाइनेंस कंपनी का नाम लिखा था। आरोपियों ने यह भी कहा कि दो दिन की छुट्टी के कारण सोमवार को लोन जारी हो जाएगा। सोमवार को जब अनिरुद्ध ने लोन निरस्त करने की बात कही तो उससे फिर अतिरिक्त राशि की मांग की गई। इस तरह आरोपियों ने उससे कुल 1 लाख 25 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठगी का अहसास होने पर अनिरुद्ध ने साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर हीरानगर पुलिस ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### 10 मिनट में राशि ट्रांसफर करने का दिया झांसा

इसके बाद प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 2,250 रुपए यूपीआई के माध्यम से जमा कराए गए। भुगतान के बाद फिर कॉल आया और कहा गया कि कंपनी के सीनियर अधिकारी बात करेंगे। 19 जून को दोबारा कॉल कर आरोपी ने 10 मिनट में लोन राशि खाते में ट्रांसफर करने का भरोसा दिया और एक क्यूआर स्कैनर भेजकर अतिरिक्त चार्ज जमा कराने को कहा। रुपए जमा करने के बाद भी लोन की राशि खाते में नहीं आई। इसके बाद आरोपियों ने रिफंड का झांसा देकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन कराए। जब अनिरुद्ध ने अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने कहा कि लोन की राशि के साथ सभी पैसे वापस मिल जाएंगे। बाद में जीएसटी और अन्य शुल्क के नाम पर भी कई बार रुपए जमा कराए गए।

# एमपी में बिजली गिरने से 4 की मौत, मानसून 22 राज्यों में पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, सात राज्यों में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 43त्ज से ज्यादा दर्ज किया गया।

मध्य प्रदेश में आंधी और बारिश के बीच शनिवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग झुलस गए। शिवपुरी में तेज हवा से कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। एक ढाबा और मकान ढह गया। कार, बाइक और पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचा।

रतलाम में बारिश से सड़कों और अंडरब्रिज में पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में भी बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। राजस्थान के 16 जिलों में बारिश हुई। बिहार के बेगूसराय, बांका समेत 6 जिलों में तेज बारिश हो रही है। मुजफ्फरपुर में 1 घंटे की बारिश से कई जगह पानी जमा हो गया है। मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 9 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है, लेकिन इस बार 16 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका हुआ है। यह आज बिहार बॉर्डर से प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और गुजरात के कई शहरों में बुधवार को पारा 40°C से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा राजस्थान के फलोदी में 43.8°Cदर्ज किया गया।

वहीं यूपी के आगरा और प्रयागराज में 43.2°C, हरियाणा के भिवानी में 43°C, एमपी के उमरिया में 42°C, दिल्ली में 41.9°C और गुजरात के राजकोट में 40.9°C रहा। यूपी के अलीगढ़ में गर्मी की वजह से 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई। मौसम विभाग ने रविवार को जिन जिलों में आंधी-बारिश होने का अनुमान जताया है, उनमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह और छतरपुर शामिल हैं। ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में भी हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, यहां दिन में धूप रहेगी, लेकिन शाम को मौसम बदल सकता है।

# मानसून के पहले हफ्ते में बिजली गिरने से 17 मौतें

## मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा क्यों गिरती है आसमानी बिजली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मानसून की शुरूआत के साथ मध्य प्रदेश में आकाशीय बिजली का खतरा बढ़ गया है। इस साल पहले ही सप्ताह में छिंदवाड़ा, शहडोल, खंडवा, सीहोर, मंदसौर और रायसेन समेत कई जिलों में बिजली गिरने से 17 से ज्यादा लोगों और कई मवेशियों की मौत हो चुकी है, जबकि 13 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

आंकड़े बताते हैं कि आकाशीय बिजली से सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में मध्य प्रदेश प्रमुख है। यहां हर साल औसतन 500 लोगों की मौत होती है। संडे स्टोरी में जानिए कि प्रदेश में बिजली गिरने की घटनाएं अधिक क्यों होती हैं और इसके पीछे कौन-से भौगोलिक व वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार हैं।

मौसम वैज्ञानिकअरुण शर्मा के मुताबिक, मध्य प्रदेश में आकाशीय बिजली की घटनाएं अधिक होने के पीछे प्राकृतिक, भौगोलिक और मौसमी कारकों की मिलीजुली भूमिका है।

मध्य प्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों से आने वाली मानसूनी हवाएं सक्रिय रहती हैं। इन नमी से भरी हवाओं के टकराने से वायुमंडल में अस्थिरता बढ़ती है। सतह की गर्म हवा और नमी मिलकर ऊंचे क्यूम्यूलोनिंबस बादल बनाती हैं, जिनमें अधिक विद्युत आवेश पैदा होता है और यही आकाशीय बिजली का प्रमुख कारण बनता है। देश के मध्य में स्थित होने के कारण गर्मियों में मध्य प्रदेश का तापमान कई बार 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। मानसून की ठंडी और नम हवाएं गर्म सतह से टकराकर गर्म हवा को तेजी से ऊपर उठाती हैं। इससे गरज-चमक वाले बादलों का निर्माण तेज होता है और बिजली गिरने की संभावना बढ़ जाती है।

अप्रैल से सितंबर के बीच भीषण गर्मी और हवा में नमी के कारण संवहन (कन्वेक्शन) की प्रक्रिया तेज रहती है। हवा के तेजी से ऊपर उठने और ठंडा होने से गरज-चमक वाले बादल बनते हैं, जिससे बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाएं तथा मालवा का पठारी क्षेत्र नमी से भरी मानसूनी हवाओं को ऊपर उठने के लिए बाध्य करते हैं। इससे ऊंचे बादलों का निर्माण होता है, जिनमें तेजी से विद्युत आवेश विकसित होता है और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बढ़ जाती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण गरज-चमक वाले बादलों की तीव्रता बढ़ रही है। बढ़ते तापमान के चलते मध्य भारत में भविष्य में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं और बढ़ सकती है। तापमान और बिजली का संबंधः ओडिशा के बालासोर स्थित फकीर मोहन विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर और लाइटनिंग विशेषज्ञ मनोरंजन मिश्रा के अनुसार, तापमान में प्रत्येक 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ बिजली गिरने की घटनाएं लगभग 12% तक बढ़ सकती हैं। बढ़ती नमी और प्रदूषण के कण बादलों के भीतर विद्युत गतिविधि तेज करते हैं। इसी कारण 2019-20 से 2024-25 के बीच भारत में आकाशीय बिजली की कुल गतिविधियों में लगभग 400% की वृद्धि दर्ज की गई।

# 5-7 फीट की दूरी से मारी बुजुर्ग दंपती को गोली, संतान नहीं थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल की सुदामा नगर कॉलोनी में रहने वाले बुजुर्ग दंपती हेमंत बारीक और शकुंतला बारीक की जिंदगी जितनी शांत दिखती थी, उतनी ही रहस्यों से भरी हुई भी थी। 26 जून को जब दोनों के शव घर के भीतर सड़ी-गली हालत में मिले तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस की जांच आगे बढ़ी, दंपती के जीवन से जुड़े ऐसे तथ्य सामने आने लगे, जिन्होंने इस हत्याकांड को और रहस्यमयी बना दिया। इस दोहरे हत्याकांड की सबसे हैरान करने वाली परत तब खुली, जब पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ की। पूरी कॉलोनी जानती थी कि हेमंत और शकुंतला का एक बेटा है, जो विदेश में रहता है। बुजुर्ग दंपती ने यह बात सबको बता रखी थी, लेकिन जब कत्ल की खबर सुनकर रिश्तेदार पहुंचे तो सच्चाई सामने आई। हेमंत की भाभी शिवानी ने पुलिस को बताया- उनकी तो कोई औलाद ही नहीं थी। परिजन के मुताबिक, संतान नहीं होने का दर्द दोनों को अंदर ही अंदर परेशान करता था। उम्र बढ़ने के साथ यह मानसिक तनाव और गहरा होता गया। बताया जाता है कि इसी वजह से दोनों के बीच अकसर विवाद भी होने लगे थे।

## खबर एक नजर...

### एमपी में 65 डीएसपी के तबादले:बालाघाट हॉक फोर्स में 18 अफसर पदस्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में गृह विभाग ने शनिवार रात 65 पुलिस अफसर के तबादले किए हैं। राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के तबादले में ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, पीथमपुर के नगर पुलिस अधीक्षकों  के साथ ही भोपाल और इंदौर में इसी कैडर के अफसरों की शहरी क्षेत्र में पदस्थापना की गई है। आदेश में बालाघाट में हॉक फोर्स में भी डीएसपी स्तर के 18 अफसरों को सहायक सेनानी पदस्थ किया है। इसके अलावा बालाघाट जिले में ही एसडीओपी के पद पर भी 4 राज्य पुलिस सेवा  के अधिकारी पदस्थ किए हैं।

जिन अधिकारियों को बालाघाट जिले में हाफ फोर्स में पद्धति किया है उसमें उदित मिश्रा, अभिलाष कुमार भलावी, आकाश अमलकर, रवि सोनेर, उमेश प्रजापति, रितेश कुमार शिव, रविंद्र सिंह राठी, आयुष कुमार अलावा, सचिन पटेल, कुंदन मंडलोई, राहुल कुमार सय्याम, अक्षय चौधरी, अतुल कुमार सोनी अमन मिश्रा रोहित राठौर राकेश आर्य शामिल हैं। वहीं, बालाघाट में दीपक तोमर एसडीओपी लांजी बालाघाट, चंद्रशेखर पांडे एसडीओपी बैहर बालाघाट, अभिषेक गौतम एसडीओपी परसवाड़ा, बालाघाट पदस्थ किए गए हैं।

### 19 साल बताकर दर्ज कराई गुमशुदगी, दस्तावेजों में निकली नाबालिग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र से 15 दिन पहले लापता हुई जिस युवती को पुलिस बालिग मानकर तलाश रही थी, वह बरामद होने के बाद नाबालिग निकली। दस्तावेजों की जांच में उसकी उम्र 17 साल सामने आई। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि उसका गुपचुप तरीके से बाल विवाह कराया गया था। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को 15 दिन के भीतर बाल विवाह कराने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। 12 जून को सागरताल फेज-2 निवासी एक व्यक्ति ने बहोड़ापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 19 साल की बेटी घर से लापता हो गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने दो दिन पहले युवती को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) से बरामद किया। वह बहोड़ापुर निवासी किशन खटीक के साथ मिली। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर ग्वालियर लाई। कोर्ट में पेशी के दौरान जब युवती की मार्कशीट और जन्म प्रमाण पत्र की जांच की गई तो पता चला कि वह 19 नहीं, बल्कि 17 साल की है।

### मुरैना डेढ़ महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार, युवक पर किया था जानलेवा हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना की रिठोरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।आरोपी पर पुलिस अधीक्षक की तरफ से पांच हजार रुपए का इनाम घोषित थाऔर आरोपी पिछले डेढ़ माह से फरार था।इस मामले में पुलिस में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। रिठौरा पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 39/26 हत्या के प्रयास के मामले में मुख्य आरोपी जदवीर गुर्जर पुत्र महताब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम प्रताप पुरा भैंसोरा को रेल्वे अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले डेढ़ माह से फरार चल रहा था

# खंडवा में कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में उठे शिक्षा और रोजगार के मुद्दे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'युवा संवाद छात्रों की गूंज' के तहत शनिवार को खंडवा के गांधी भवन में डिबेट हुई। 'आपके विचार, हमारा संकल्प- मिलकर बेहतर भारत' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, रोजगार और करियर काउंसलिंग सहित युवाओं की समस्याओं पर खुलकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों को राजस्थान के कोटा से राहुल गांधी के संबोधन और संवाद से जोड़ा गया। इसके बाद स्थानीय स्तर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के सुझाव दिए।

छात्रा खुशीसिंह परिहार ने नीट पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा, ये सिर्फ पेपर लीक नहीं है, बच्चों की लाइफ लीक है। गांवों से आने वाले छात्रों के माता-पिता खेती-बाड़ी और मजदूरी करके बच्चों को पढ़ाते हैं। सालों की मेहनत एक पेपर लीक से बर्बाद हो जाती है। छात्रा ने कोटा की छात्रा आकांक्षा के आत्महत्या मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं व्यवस्था की नाकामी को दिखाती हैं।

### आकांक्षा की आखिरी बात आज भी झकझोरती है

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं के बाद छात्रों की मानसिक स्थिति को समझने और उन्हें मनोवैज्ञानिक सहायता देने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती। उन्होंने कहा कि आकांक्षा जैसी छात्राओं की मौत केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का परिणाम है।

# सागर-जबलपुर हाईवे, 5000 लोगों को 25 किमी फेरे की सजा, कसूर इतना कि उस पार रहते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर




सागर-जबलपुर (रहली-तेंदूखेड़ा रोड) स्टेट हाइवे पर व्यारमा नदी का रोज 5000 से ज्यादा आवाजाही वाला झलोन पुल गत 30 जुलाई की बाढ़ में बह गया था।

अब लोग 25 किमी का अतिरिक्त फेरा लगाने को मजबूर हैं। कसूर सिर्फ इतना है कि वे पुल के इस पार रहते हैं। सालभर बाद भी नए पुल की न तो केंद्र से मंजूरी मिली और न राज्य सरकार से।

लोगों ने एक कच्चा रास्ता बनाया है। बारिश में यह भी बंद हो जाएगा। पुल बंद होने पर झलोन, पुरा, हरदुआ, इमलिया, सोमखेड़ा, लकलका और झापन सहित आसपास के गांवों के लोगों को रहली व जबलपुर की ओर जाने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रही है। अस्थायी पुलिया का पैसा लैप्स... पुल टूटने पर एमपीआरडीसी ने 3-4 करोड़ की लागत से अस्थायी रपटे के निर्माण का प्रस्ताव बनाया था। इसे मंजूरी मिली, एजेंसी का चयन भी हुआ, पर निर्माण शुरू न होने से बजट लैप्स हो गया।

दोनों बजटों में मंजूरी नहीं... टढफ्छ्ळ के जीएम विनोद तंतुवाय के मुताबिक स्थायी पुल का 30 करोड़ का प्रस्ताव 2025-26 व 2026-27 दोनों बजटों में भेजा, पर स्वीकृति नहीं मिल सकी। प्रस्ताव राज्य व केंद्र दोनों स्तर पर भेजा था। स्थानीय बस संचालकों और ग्रामीणों ने नदी के बीच से अस्थायी मार्ग तैयार कर लिया है, लेकिन बारिश शुरू होते ही यह रास्ता बंद हो जाएगा।

# खून का बदला खून... भाई के मर्डर का बदला लेने जेल में बंद आरोपी के पिता की हत्या की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



शहर के अभिनंदन क्षेत्र में शनिवार सुबह खून का बदला खून की खौफनाक वारदात सामने आई है। 83 दिन पहले हुए अपने भाई के मर्डर का बदला लेने के लिए बड़े भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर जेल में बंद आरोपी के पिता की निर्मम हत्या कर दी।

हमलावरों ने बकायदा रेकी करने के बाद शनिवार सुबह करीब 7 बजे खेत में फूल तोड़ने गए फूल व्यापारी रवि माली (42) पर लोहे की रॉड और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए। सिर, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटों के चलते रवि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी 2 बाइक पर सवार होकर अलावदाखेड़ी रूट से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए हैं।

यह पूरी खौफनाक कहानी 5 अप्रैल 2026 को गांधी चौराहे पर हुई चाकूबाजी से जुड़ी है। इसमें अरुण (19) पिता नानावटी बरगुंडा की मौत हो गई थी। उस मामले में मृतक रवि माली का बेटा युवराज माली मुख्य आरोपी है और फिलहाल जेल में बंद है।

पुलिस जांच और परिजनों के बयान के अनुसार अरुण की मौत का बदला लेने के लिए उसके बड़े भाई आकाश और उसके साथियों ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने नामजद समेत कुल 4 आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### बोले- धमकियां मिल रही थीं, रिकॉर्डिंग वाला मोबाइल भी चोरी

रवि माली के मर्डर के बाद आक्रोशित परिजन सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। गांधी चौराहे पर करीब 3:30 घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कुछ दिनों से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

थाने में रिकॉर्डिंग वाला मोबाइल भी दिया था, जो चोरी हो गया। मौके पर पहुंचे एएसपी टीएस बघेल ने जब निष्पक्ष कार्रवाई और पुलिस लापरवाही की जांच का आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन माने। पोस्टमार्टम के बाद शाम को जेल में बंद बेटे युवराज को पैरोल पर कड़ी सुरक्षा के बीच श्मशान घाट लाया गया।

### गाली देने से रोकने पर पड़ोसियों ने की मारपीट

मंदसौर शहर के वायडी नगर थाना क्षेत्र के लालघाटी रोड स्थित प्रभा नगर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में गाली-गलौज करने से रोकने पर पड़ोसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में बेटे के सीने में चाकू लगा, जबकि पिता के सिर पर ईंटनुमा पत्थर से वार किया गया।

घटना में घायल मनोज और उसके पिता सत्यनारायण को स्थानीय लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। दोनों का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार, आरोपी जाबिर पिता शब्बीर मुल्तानी अक्सर शराब के नशे में घर के बाहर बैठकर गाली-गलौज करता है। शनिवार रात भी वह नशे की हालत में घर के बाहर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। उस समय आसपास की कुछ महिलाएं टहल रही थीं। महिलाओं के परिजनों ने उसे गाली-गलौज बंद करने के लिए कहा, लेकिन वह और अधिक उग्र हो गया।

# बदमाशों ने 22 मिनट तक घर में मचाया आतंक... वृद्ध व्यापारी के हाथ-पैर तोड़े



ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

कालीबावड़ी में शुक्रवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व गल्ला व्यापारी नेमीचंद राठौड़ (80) के घर धावा बोलकर 22 मिनट तक आतंक मचाया। बदमाश रात 1.03 बजे चैनल गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे।

आवाज सुनकर जैसे ही नेमीचंद राठौड़ कमरे से बाहर आए, बदमाशों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए, जबकि जांघ और पिंडलियों पर चोटें आईं। गंभीर हालत में उन्हें इंदौर रेफर किया गया है।

वारदात के दौरान बदमाशों ने उनकी पत्नी पार्वतीबाई (70) के गले से मंगलसूत्र और पांचाली भी लूट ली। महिला के शोर मचाने पर पास में रहने वाले बेटा राजेश और पोता गोपाल दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।


घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार बदमाश 1.03 बजे घर में घुसे और 1.25 बजे तक अंदर रहे। सूचना मिलते ही मनावर एसडीओपी ब्रजेश मालवीय और धरमपुरी थाना प्रभारी संतोष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे।

शनिवार सुबह एसपी सचिन शर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। घटना के बाद ग्रामीणों ने एसपी के सामने गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग दोहराई।

धरमपुरी थाना करीब 13 किलोमीटर दूर होने से पुलिस के पहुंचने तक आरोपी फरार हो जाते हैं। एसपी ने पुलिस चौकी के प्रस्ताव पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों के मुताबिक करीब चार वर्ष पहले जन्माष्टमी की रात भी नेमीचंद राठौड़ के घर लूट की वारदात हुई थी। तब भी बुजुर्ग पर हमला कर लूटपाट की गई थी। दूसरी बार उसी परिवार को निशाना बनाया गया।

# क्या वेनेजुएला में एक लाख मौतें होंगी; कैसे आया जुड़वा भूकंप


## धरती की टेक्टोनिक प्लेटों के टकराने से आते हैं भूकंप




पृथ्वी 4 परतों यानी लेयर्स से मिलकर बनी

सबसे बाहरी परत, यानी **क्रस्ट** पर एक-दूसरे से जुड़ी 7 बड़ी और कई छोटी टेक्टोनिक प्लेटें हैं।

- इन प्लेट्स के नीचे गर्म लावा की परत है, जिससे गर्मी निकलती रहती है। इस वजह से टेक्टोनिक प्लेटों पर दबाव बनता है और ये मूवमेंट करती रहती हैं।



- हालांकि ये मूवमेंट बहुत धीमा होता है, लेकिन जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन (भ्रंश या दरार) कहलाता है।
- फाल्ट लाइन पर या तो प्लेटों का एक हिस्सा नीचे और दूसरा ऊपर हो जाता है, या फिर दो हिस्से आगे-पीछे खिसकने लगते हैं। इससे वहां भारी दबाव जमा होने लगता है।



- ज्यादा दबाव बनने से ये प्लेट्स टूटने लगती हैं, जिससे सैकड़ों परमाणु बम विस्फोट के बराबर एनर्जी निकलती है।



- जैसे ही ये एनर्जी धरती की सतह तक पहुंचती है, तो हमें भूकंप के झटके लगते हैं।

कभी-कभी एक ही फॉल्ट लाइन पर दो बार प्लेटों के टूटने से एनर्जी निकलती है और दोनों बार बड़े भूकंप आते हैं। इनका एपिसेंटर यानी उद्गम केंद्र एक-दूसरे के बहुत करीब होता है। किसी बड़े भूकंप के बाद एनर्जी की छोटी-छोटी लहरें उठना, यानी आफ्टरशॉक सामान्य है, लेकिन जुड़वा भूकंप कम देखने को मिलते हैं। क्योंकि एक बार एक फॉल्ट लाइन से एनर्जी रिलीज होने के बाद वहां दबाव कम हो जाता है। दोबारा उसी फॉल्ट लाइन से इतनी तेज एनर्जी नहीं निकलती।

जुड़वा भूकंपों के बीच कुछ सेकेंड से लेकर कई सालों का अंतर हो सकता है। वेनेजुएला में ये महज 38 सेकेंड के भीतर आ गया। जुड़वा भूकंपों की रिक्टर स्केल पर तीव्रता लगभग बराबर होती है। आमतौर पर दोनों भूकंपों के बीच 0.2 से 0.5 पॉइंट्स का अंतर होता है। भूकंप वैज्ञानिक जूडिथ हबर्ड और काइल ब्रैडली कहते हैं कि 7.5 तीव्रता का भूकंप 7.2 तीव्रता के भूकंप की तुलना में लगभग तीन गुना ज्यादा एनर्जी रिलीज करता है।

## 3 फॉल्ट लाइन का मिलन बिंदु भूकंप का केंद्र




SOURCE: DR. AUDEMARD ET AL

**भूकंप वैज्ञानिक जूडिथ हबर्ड और काइल ब्रैडली के मुताबिक, पहला भूकंप 7.2 तीव्रता का था। इसका झटका पूरी तरह खत्म होने में ही कई सेकेंड लग गए। इस दौरान फॉल्ट लाइन के साथ-साथ दरार दो डायरेक्शन में फैलती चली गई। पहले भूकंप की एनर्जी ने आसपास की चट्टानों में दबाव को फैलाया, जिससे फॉल्ट सिस्टम का एक और हिस्सा टूट गया और महज 38 सेकेंड बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आ गया।**

दोनों वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दो भूकंपों को एक ही बड़े भूकंप के दो 'पल्स' यानी झटकों की तरह भी देखा जा सकता है, जिनकी कुल एनर्जी मिलाकर करीब 7.6 तीव्रता के एक भूकंप के बराबर थी।

29 अक्टूबर 1900 की सुबह वेनेजुएला के तट के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। चूंकि उस दौर में आधुनिक उपकरण मौजूद नहीं थे, इसलिए यह तीव्रता नुकसान और असर की रिपोर्टों के आधार पर आंकी गई है।

इम्पैक्ट रिपोर्ट के अनुसार, तब 21 लोगों की मौत हुई, 50 घायल हुए और पूरे शहर में गिरजाघर, विश्वविद्यालय, मीनारें और घर समेत ३०० इमारतें ढह गईं। 126 साल बाद आया भूकंप रिक्टर स्केल पर भले कुछ कम (7.2 और 7.5) लगे, लेकिन जान और माल का कई गुना ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। अगस्त 2021 में दक्षिण अटलांटिक महासागर के साउथ सैंडविच आइलैंड में भी जुड़वा भूकंप आया था। तब 7.5 तीव्रता के भूकंप के करीब ढाई मिनट बाद 8.1 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया था।

### लोग खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे

# वेनेजुएला में फिर भूकंप के झटके, अब तक 1430 मौतें, करीब 3300 घायल, 51 हजार लापता

**ब्रह्मास्त्र ›› वेनेजुएला**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए। इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 1430 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को लोगों से अपील की कि वे फिलहाल ला गुआइरा राज्य न जाए, क्योंकि वहां भूकंप के बाद बचाव अभियान चल रहा है। सरकारी टीवी पर प्रसारित संदेश में रोड्रिगेज ने कहा कि यह मलबे में दबे जिंदा लोगों को बचाने के लिए सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण समय है। लोगों के वहां पहुंचने से बचाव दलों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, इसलिए आम नागरिक फिलहाल ला गुआइरा जाने से बचें। उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस, सिविल प्रोटेक्शन, दमकल कर्मियों और बचाव टीमों को आपदा प्रभावित इलाकों तक तेजी से पहुंचने के लिए रास्ते खाली रखना जरूरी है।



### राष्ट्रपति रोड्रिगेज बोली- भूकंप के बाद ट्रम्प ने मदद का भरोसा दिया

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बताया कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रुबियो का फोन आया था। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने इस मुश्किल समय में वेनेजुएला के लिए अमेरिकी सरकार के समर्थन को दोहराया है। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर लिखा कि ट्रम्प और रुबियो ने बचाव कार्यों में मदद जारी रखने का भरोसा दिया। इसके तहत बचावकर्मियों की तैनाती, विशेष उपकरण, अस्थायी आश्रय स्थलों के लिए सहायता और प्रभावित परिवारों के लिए मानवीय मदद भेजने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि वे इस दोस्ती और सहयोग के भाव की गहराई से सराहना करती हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (क्रक्र) की कार्यक्रम चीफ एलिनोर रेक्स ने कही कि वेनेजुएला में राहत और पुनर्वास का काम हफ्तों नहीं, बल्कि कई महीनों तक चल सकता है। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि भूकंप से देश को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में उनकी संस्था सार्वजनिक सेवाओं को फिर से मजबूत करने और प्रभावित लोगों तक जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने के तरीकों पर काम कर रही है।

# लोहगढ़ किले पर केतन को मारने की रिहर्सल की

**ब्रह्मास्त्र ›› पुणे**

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुलिस को साजिश से जुड़े कई सबूत मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने गूगल मैप पर लोहगढ़ किले की पगडंडियों, खतरनाक जगहों और खाइयों की जानकारी जुटाई।

दोनों ने गूगल पर 'डेथ पॉइंट' और 'जहर देकर कैसे मारें, ताकि पुलिस को शक न हो' जैसी सवाल भी गूगल पर सर्च किया था। दोनों ने पहले से यह भी तय कर लिया था कि पूछताछ के दौरान क्या जवाब देना है। कौन-कौन से व्हाट्सएप मैसेज डिलीट करने हैं। मोबाइल लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड से भी साजिश की पुष्टि हुई है। चेतन ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मर्डर के दिन अपना मोबाइल एक दुकान पर छोड़ दिया था। इसके बाद उसने दूसरे मोबाइल का इस्तेमाल किया। पुलिस डिलीट किए गए व्हाट्सएप मैसेज की भी फोरेंसिक जांच करा रही है।

पुलिस के मुताबिक, सिया की चेतन से पहचान क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी। सिया के भाई साहिल ने भी पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह चेतन को पहले से जानता था। जांच एजेंसियां दोनों के बीच संबंध और साजिश की पूरी टाइमलाइन खंगाल रही हैं।

केतन अग्रवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए पिंपरी-चिंचवड़ में परिवार और सोसाइटी के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

केतन के पिता विशाल अग्रवाल ने कहा, ह्यमेरा 26 साल का बेटा बिना किसी गलती के मारा गया। मैं उसकी शादी कराने निकला था, लेकिन बेटे की अर्थी उठानी पड़ी। मेरी सिर्फ एक मांग है कि दोषियों को फांसी की सजा मिले। केतन की मां राखी अग्रवाल ने कहा, मैं एक मां हूं और सिया की भी मां है। इसके बावजूद मैं चाहती हूं कि सिया और चेतन, दोनों को फांसी की सजा मिले। मुझे सिर्फ अपने बेटे के लिए न्याय चाहिए।

गोयल के माता-पिता प्रवीण गोयल और पूजा गोयल से शनिवार को लोणावला पुलिस स्टेशन में पूछताछ हुई। इससे पहले शुक्रवार को सिया के भाई साहिल गोयल से करीब 10 घंटे पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, साहिल चेतन चौधरी को जानता है। केतन की बहन ने सिया से पूछा कि वह कहां बैठी थी, केतन कैसे गिरा और वह किले के उस किनारे तक कैसे पहुंचा। सिया ने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। उसका रोना भी परिवार को बनावटी लगा। अगले दिन जब वह उनके घर आई, तब भी परिवार ने पूछा कि केतन का कौन सा पैर फिसला था, लेकिन वह चुप रही। सवाल-जवाब के दौरान शादी तय कराने वाली सिया की बुआ उसे तू चल-चल कहकर वहां से ले गई। इसके बाद परिवार का शक और गहरा हो गया।



### केतन के पिता बोले- घटना वाले दिन ही सिया पर शक हुआ

केतन के पिता विशाल अग्रवाल के मुताबिक, घटना वाले दिन ही परिवार को सिया गोयल पर शक हो गया था। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने जब कहा कि केतन अभी जिंदा है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए, तब सिया के हावभाव बदल गए थे। इसके बाद सिया ने परिवार के सवालों का भी जवाब नहीं दिया।
चेतन के पिता ने दैनिक भास्कर को बताया कि 18 जून को सिया की मां का फोन आया था कि केतन लोहगढ़ किले से गिर गया है। परिवार मौके पर पहुंचा तो केतन को खाई से निकाला जा चुका था। उन्होंने देखा कि केतन का मुंह बंधा हुआ था। चेहरा खुलवाकर उसकी पहचान की गई।
दरअसल, सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हुई थी। सिया पर बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मंगेतर की हत्या का आरोप है। दोनों पुलिस हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दावा- केतन का सिर कुचला हुआ था

नया दावा सामने आया है। केतन का शव रेस्क्यू करने वाले सुनील गायकवाड़ ने बताया है कि केतन के सिर पर गंभीर चोटें थीं, खोपड़ी कुचली हुई थी और हाथ-पैरों पर भी कई जगह चोट थीं। अन्य लोग रो रहे थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन सिया गोयल शांत खड़ी थी। '
सुनील ने कहा- शव को जंगल के रास्ते बाहर लाया गया। पुलिस को 18 जून की सुबह करीब 10:30 बजे घटना की सूचना मिली थी। बचाव अभियान दोपहर 12:30 बजे तक चला और करीब 1:30 बजे शव एंबुलेंस में पहुंचाया गया था।

# खड़ी कार का एयरबैग खुलने से युवक की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे में एक खड़ी कार में अचानक एयरबैग खुलने से 25 साल के कार डीलर की मौत हो गई। युवक का नाम मोहित सोनी है। वह एक 15 साल पुरानी कार के अंदर बैठा था। तभी अचानक गाड़ी का सेफ्टी सिस्टम एक्टिव हो गया।

एयरबैग इतनी तेजी से खुला कि उसके जोरदार झटके से उसकों गंभीर चोटें आईं। ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। युवक को चोट कहां लगी इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। यह घटना बुधवार को ठाणे के काशिमीरा इलाके में हुई। पुलिस ने जानकारी शनिवार को दी।

ठाणे पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में पता चला है कि कार भले ही पुरानी थी, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार उसके पास वैलिड फिटनेस सर्टिफिकेट था। पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच के लिए ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट्स से भी सलाह ले रही है। एयरबैग खुलने की स्पीड 200 से 300 किमी/घंटा के बीच हो सकती है। इस वजह से तेज झटका लगता है। इससे बचने के लिए सीट बेल्ट लगाना जरूरी होता है। सीट बेल्ट ना लगाने की स्थिति में जोरदार झटका लगने से गंभीर चोट लग सकती है या मौत भी हो सकती है।

### एयरबैग क्या है

एयरबैग कार का एक सेफ्ट टूल है। ये गुब्बारे की तरह कॉटन का बना एक थैला होता है। जिस पर सिलिकॉन की कोटिंग होती है। कार की टक?कर होने जैसा फील होते ही यह तुरंत एक्टिव होकर कार में बैठे व्यक्ति को स्टीयरिंग व्हील, डैशबोर्ड या दरवाजों से यात्री के सिर और छाती को टकराने से बचाता है। इसके खुलने की प्रोसेस सेंटीकंड्स में होती है।

# विदेशी यूनिवर्सिटी को भारत में कैंपस खोलने की मंजूरी

**अगस्त से पहला बैच शुरू होगा; विदेश जैसी डिग्री मिलेगी, पढ़ाई का खर्च 30-40% तक कम होगा**

**ब्रह्मास्त्र ›› दिल्ली**

भारत में अब विदेशी यूनिवर्सिटी की डिग्री लेने के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं होगी। केंद्र सरकार अब तक 15 विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (छ्ङ्क) जारी कर चुकी है। इनमें ज्यादातर कैंपस अगस्त से पहला बैच शुरू करेंगे।

शुरूआती चरण में हर कैंपस में 200 से 250 छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। अगले पांच सालों में इसे बढ़ाकर हर कैंपस में सालाना 1,000 से 1,200 छात्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, इलिनोइस टेक, लिवरपूल और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान अपने कैंपस खोल रहे हैं। मौजूदा सत्र के लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री पूरी तरह उनके होम कैंपस के वैश्विक मानकों के मुताबिक होगी। पहले चरण में अक्र कंप्यूटर साइंस और रळएट विषयों पर फोकस रहेगा।

यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन (मुंबई), ब्रिस्टल (मुंबई), लिवरपूल (बेंगलुरु), यॉर्क (मुंबई), इलिनोइस टेक (मुंबई) और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी (दिल्ली) कैंपस खोल रही हैं। मौजूदा सत्र के लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं।

12वीं में कम से कम 75% और ग्रेजुएशन में 55% से 70% अंक जरूरी होंगे। बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी में 70% से 85% अंक होने पर क्एछळर देने की जरूरत नहीं होगी।

पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री पूरी तरह होम कैंपस के मानकों के मुताबिक होगी। पहले चरण में अक्र कंप्यूटर साइंस और रळएट विषयों पर फोकस रहेगा।

एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 1 से 2 सेमेस्टर विदेश में पढ़ सकेंगे। यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क 2+1 मॉडल लेकर आई है। ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के छात्र ब्रिटेन में मौजूद अक सुपरकंप्यूटर का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। भारतीय और विदेशी प्रोफेसरों का मिश्रण होगा। विक्टोरिया यूनिवर्सिटी की एक-तिहाई फैकल्टी मेलबर्न से आएगी। इलिनोइस टेक विदेशी और भारतीय मूल के अनुभवी शिक्षकों की भर्ती कर रही है। अगले पांच वर्षों के लिए करीब 1,000 करोड़ रुपए का फंड रखा गया है। योग्यता और जरूरत के आधार पर 10% से 100% तक स्कॉलरशिप मिलेगी। एबरडीन 2 लाख और ब्रिस्टल 10 लाख रुपए सालाना तक स्कॉलरशिप देगा। विदेश जाकर 80 लाख से 1.2 करोड़ रुपए खर्च करने के मुकाबले भारत में 30-40% कम लागत आएगी। छात्रों को ग्लोबल डिग्री, अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी, मजबूत एलुमनाई नेटवर्क और बेहतर करियर अवसर मिलेंगे।

### विदेशी यूनिवर्सिटी ने भारत में कैंपस खोलने की वजह बताई

यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क के वाइस-चांसलर प्रो. चार्ली जेफरी ने कहा- भारत इस समय दुनिया के सबसे अहम शिक्षा बाजारों में से एक है। हम भारतीय छात्रों को अपने होम कैंपस जैसी पढ़ाई और अवसर देना चाहते हैं। इसी दिशा में हमने एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई के साथ भी समझौता किया है, ताकि छात्रों को टेक स्टार्टअप्स और इंडस्ट्री से जुड़ने का मौका मिले वहीं, इलिनोइस टेक के वाइस प्रेसिडेंट मल्लिक सुंदरम ने कहा, ह्यहम अमेरिका और दूसरे देशों से प्रोफेसरों की भर्ती कर रहे हैं। साथ ही ऐसे भारतीय शिक्षकों को भी जोड़ रहे हैं, जिन्होंने अमेरिकी विश्वविद्यालयों से पढ़ाई की है, ताकि छात्रों को भारत में भी वही माहौल और पढ़ाई मिल सके, जो हमारे विदेशी कैंपस में मिलती है।



■ वर्ष-12 अंक-235 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 28 जून, 2026

## सुभाषितानि

अङ्गं गलितं पलितं मुण्डं, दशनविहीनं जतं तुण्डम्।
वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं, तदपि न मुञ्चत्याशापिण्डम्॥

**भावार्थ** : क्षीण अंगों, पके हुए बालों, दांतों से रहित मुख और हाथ में दंड लेकर चलने वाला वृद्ध भी आशा-पाश से बंधा रहता है।

जटिलो मुण्डी लुञ्छितकेशः, काषायाम्बरबहुकृतवेषः।
पश्यन्नपि च न पश्यति मूढः, उदरनिमित्तं बहुकृतवेषः॥

**भावार्थ** : बड़ी जटाएं, केश रहित सिर, बिखरे बाल, काषाय (भगवा) वस्त्र और भांति भांति के वेश ये सब अपना पेट भरने के लिए ही धारण किये जाते हैं, अरे मोहित मनुष्य तुम इसको देख कर भी क्यों नहीं देख पाते हो।

## प्रमुख उच्चन्यायालयस्य निर्णयः इस्लामधर्मान्तरणस्य अर्थ

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

धर्मान्तरणं आरक्षणं च विषये महत्त्वपूर्णे निर्णये मद्रास उच्चन्यायालयेन तमिलनाडुसर्वकारे सर्वकारीयं आदेशं निरस्तं कृत्वा महत् आघातं कृतम्। तस्मिन् आदेशे आरक्षणलाभानां विस्तारस्य प्रावधानं कृतम् आसीत्- पिछड़ावर्गीयमुस्लिम वर्गस्य अन्तर्गतं-हिन्दुपिछड़ाभ्यः, अत्यन्तं पिछड़ाभ्यः, अथवा अनुसूचितजातिभ्यः इस्लामधर्मं स्वीकृतवन्तः व्यक्तिः। न्यायालयेन संविधानस्य, कानूनस्य च मूलभूतभावनायाः उल्लङ्घनम् इति वदन् एतत् आदेशं असंवैधानिकं घोषितम्। एकः विभागपीठः यस्मिन् न्यायाधीशः जी.आर. स्वामीनाथन एवं न्यायमूर्ति पी.बी. बालाजी इत्यनेन निर्णयः कृतः यत् एकदा व्यक्तिः इस्लामधर्मं स्वीकुर्वन् केवलं मुस्लिमरूपेण एव मान्यतां प्राप्नोति।

## सम्पादकीयम्

### खाद्यसंकटः दृश्यते

इरान्-इजरायल-अमेरिका-देशयोः सह सम्बद्धः प्रचलितः संघर्षः पश्चिम-एशिया-देशस्य स्थितिं अस्थिरं कर्तुं धमकी ददाति। एतत् युद्धं तैल-गैस-आपूर्तिं प्रभावितं कुर्वन् अस्ति, येन सम्भाव्यतया अनेके देशाः खाद्य-असुरक्षायाः महङ्गानि च सम्मुखीभवन्ति-एतत् परिदृश्यं युक्रेन-रूस-युद्धेन उत्पन्नस्य व्यत्ययस्य स्मरणं करोति नवीदिल्ली- इराण-इजरायल-सङ्घर्षेण चालिता पश्चिम-एशिया-देशस्य स्थितिः तैल-गैस-आपूर्तिं बाधितवती अस्ति, एषः प्रभावः पूर्वमेव विपण्येषु दृश्यते। परन्तु अस्य पार्श्वे अन्यत् संकटं गभीरं भवति यत् उर्वरकस्य आपूर्तिः अभावः। यदि एषः व्यवधानः स्थास्यति तर्हि विश्वं खाद्यस्य असुरक्षायाः, मूल्यवृद्धेः च सामना कर्तुं शक्नोति। पश्चिम एशिया उर्वरकस्य उत्पादनस्य प्रमुखं केन्द्रम् अस्ति। वैश्विकस्य यूरियानिर्यातस्य प्रायः ३५% भागः होर्मुज् जलसन्धिमार्गेण गच्छति, एषः मार्गः विश्वस्य ४५% गन्धकपरिवहनं अपि सम्पादयति। यूरिया सर्वाधिकं प्रयुक्तं उर्वरकं अस्ति, यत् विश्वस्य प्रायः अर्धं धान्यस्य उत्पादनस्य उत्तरदायी अस्ति। इरान्-देशेन होर्मुज्-जलसन्धिः नियन्त्रितः अस्ति, तस्मात् जहाजयानयानयानां स्थगितम् अस्ति, प्रत्येकं दिवसे आपूर्तिशृङ्खलाः भग्नाः भवन्ति। एकः गम्भीरः स्थितिः युक्रेन-रूस-युद्धस्य आरम्भे प्रायः चतुर्वर्षपूर्वं एतादृशः एव परिदृश्यः प्रकटितः।

#### सम्पत्तिलोभः पुत्रं मातुः विरुद्धं करोतिः वृद्धा महिला

## निर्ममतापूर्वकं ताडितः हस्तक्षेपं कर्तुं प्रयतमाना पुत्री अपि आक्रमणं कृतवती

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

विश्वासः, आदरः, स्नेहः च इति आधारेण सम्बन्धाः निर्मिताः भवन्ति, परन्तु यदा एतेभ्यः बन्धनेभ्यः सम्पत्तिवासना अधिका भवति तदा परिवारगृहमेव अत्यन्तं असुरक्षितं स्थानं भवति ग्वालियरतः एकः आश्चर्यजनकः घटना समाजं कम्पितवान् अस्तिः एकः पुत्रः-यस्य जन्म कदाचित् मातुः उग्रप्रार्थनायाः विषयः आसीत्-अधुना तस्याः वृद्धावस्थायां निर्ममरूपेण ताडितवान् इति आरोपः अस्ति। अपि च यदा वृद्धायाः कन्या तस्याः उद्धाराय पदाभिमुखी अभवत् तदा सा अपि आक्रमणं कृतवती। एतस्य घटनायाः अनन्तरं मातुः पुत्र्याः च शिकायतया अभियुक्तपुत्रस्य स्वपुत्रस्य च विरुद्धं पुलिसैः प्रकरणं पञ्जीकृतम्, तस्य अन्वेषणं च प्रचलति।

ग्वालियरस्य गोलाका मन्दिरपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे नारायणविहारस्य गल्ला मण्डीद्वारस्य समीपे एषा घटना अभवत्। अस्य क्षेत्रस्य ६५ वर्षीयः छाया सिकरवारः पुलिसं प्रति अवदत् यत् तस्याः पुत्रः भरत सिकरवारः पौत्रः च अनुराग सिकरवारः च मासान् यावत् गृहं सम्पत्तिं च स्वनाम्नि स्थानान्तरयितुं दबावं ददति स्म। सा आरोपितवती यत् यदा सा न अस्वीकृतवती तदा तौ तस्याः वाचिकं दुर्व्यवहारं कर्तुं आरब्धवन्तौ, यथा यथा विवादः वर्धते स्म तथा तथा तौ तस्याः शारीरिकं आक्रमणं कृतवन्तः।

पीडितायाः मते परिवारे सम्पत्तिविभाजनसम्बद्धः दीर्घकालीनः विवादः प्रचलति स्म। अभियुक्ताः तां



निरन्तरं मानसिक-उत्पीडनं कुर्वन्ति स्म, गृहस्य पूर्णस्वामित्वं च दातुं प्रयतन्ते स्म। अन्ये कुटुम्बजनाः तेषां सह अनेकवारं तर्कं कर्तुं प्रयतन्ते स्म, परन्तु स्थितिः न सुधरति स्म। अन्ततः विग्रहः एतावत् तीव्रः अभवत् यत् पुत्रः पौत्रः च मातुः/पितामहस्य विरुद्धं हस्तौ उत्थापितवन्तौ।

अस्मिन् समये यदा वृद्धायाः पुत्री स्वमातुः रक्षणार्थं हस्तक्षेपं कृतवती तदा अभियुक्तौ तस्याः अपि उपरि आक्रमणं कृतवन्तौ इति कथ्यते। मातुः कन्यायाः च क्रन्दनं श्रुत्वा प्रतिवेशिनः तत्स्थलं प्रति त्वरितम् आगतवन्तः। प्रतिवेशिनः समीपं गच्छन्तं दृष्ट्वा अभियुक्तः क्षेत्रात् पलायितवान्। तदनन्तरं आहतवती वृद्धा चिकित्सालयं नीता, तत्र तस्याः प्रारम्भिकचिकित्सा अभवत्। पीडिता पुलिसं सूचितवती यत् अभियुक्ताः शारीरिकप्रहारं न स्थगितवन्तः अपितु नित्यं धमकी अपि निर्गच्छन्ति। सा अवदत् यत् यदि सा पुलिसशिकायतां दास्यति तर्हि तस्याः परिवारेण सह भयंकरः परिणामः भविष्यति। अभियुक्ता रात्रौ सुप्तायां तां मारयिष्यामि इति धमकी अपि दत्तवती इति कथ्यते। एतेषां धमकीनां कारणात् सम्पूर्णं परिवारं भयावस्थायां जीवति। परिस्थितेः गम्भीरताम् अवलोक्य पीडिता तस्याः पुत्री च पुलिस-समीपं गत्वा सम्पूर्णस्य घटनायाः विषये औपचारिकशिकायतां दत्तवती। शिकायतया आधारेण पुलिसेन भारतीयन्यायसंहितायां सम्बद्धखण्डेषु आरोपितपुत्र भारतसिकरवारपौत्रानुरागसिकरवारयोः विरुद्धं प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् अस्ति। निष्पक्षतया अन्वेषणं प्रचलति, ये तथ्याः उद्भवन्ति तेषां आधारेण अग्रे कानूनी कार्रवाई भविष्यति इति पुलिसैः उक्तम्। गोलाका मन्दिरपुलिसस्थानकस्य थानागृहपदाधिकारी धर्मेन्द्रयादवः उक्तवान् यत प्रारम्भिकजागृतौ सम्पत्तिविषये दीर्घकालीनः पारिवारिकविवादः ज्ञातः। शिकायतया प्राप्ते तत्क्षणमेव प्राथमिकी रजिस्ट्रीकृता।

#### अमेरिकी-ईरान-सङ्घर्षस्य समाप्तिः

## डोनाल्ड ट्रम्पः पेजेश्कियनः च सम्झौते हस्ताक्षरं कृतवन्तौ

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः ईरानीराष्ट्रपतिः मसूद पेजेश्कियनः च अमेरिका-ईरानयोः मध्ये प्रचलति तनावस्य समाप्त्यर्थं सहमतिपत्रे हस्ताक्षरं कृतवन्तौ। एषः ऐतिहासिकः निर्णयः यतः द्वयोः राष्ट्रयोः वैरस्य कारणेन विश्वस्य आर्थिकहानिः भवति स्म।

अमेरिका-इरान्-देशयोः द्वन्द्वस्य समाप्त्यर्थं अन्तरिमसम्झौते हस्ताक्षरितम् अस्ति। अलजजीरा-रिपोर्ट्-अनुसारं ट्रम्पः बुधवासरे फ्रान्स्-देशस्य वर्साय-महल-मध्ये फ्रांस-राष्ट्रपति-इमैनुएल-मैक्रोन्-इत्यनेन सह मिलित्वा तस्मिन् दस्तावेजे हस्ताक्षरं कृतवान् तदनन्तरं इराणस्य राष्ट्रपतिः पेजेश्कियनः अपि इरान्देशात् विद्युत्प्रकारेण सम्झौते हस्ताक्षरं कृतवान्। गुरुवासरे प्रातः ५:०० वादने (भारतीयमानकसमये) घोषणायाः अनन्तरं तत्क्षणमेव एषः सम्झौताः प्रवर्तते।

सम्झौतेन इरान्देशे युद्धं निवृत्तं भविष्यति, लेबनानदेशे अपि संघर्षस्य समाप्त्यर्थं प्रावधानं कृतम् अस्ति। होर्मुज्-जलसन्धिस्य पुनः उद्घाटनं, अमेरिकी-नौसेना-नाकाबन्दी-उत्थापनं च अत्र आज्ञापितम् अस्ति। यद्यपि मूलतः जेनेवा-नगरस्य समीपे स्थिते लुसेर्न्-नगरे १९ जून-दिनाङ्के शान्ति-सम्झौतेः हस्ताक्षरं कर्तुं निश्चितम् आसीत् तथापि फ्रान्स्-देशस्य ऐतिहासिक-वर्सैल्-महाभवने समयात् एकदिनपूर्वं हस्ताक्षरं कृतम्। पुनः उद्घाटनार्थं होर्मुज् जलसन्धिः सम्झौतेः महत्त्वपूर्णः पक्षः होर्मुज् जलसन्धिः वाणिज्यिकपोतानां कृते पुनः उद्घाटितः अस्ति। वैश्विक ऊर्जाप्रदायार्थं एषः जलमार्गः महत्त्वपूर्णः इति मन्यते। तस्य पुनः उद्घाटनेन वैश्विकतैलविपण्येषु व्यापारपरिवहनेषु च राहतं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। ततः परं किं भवति? यद्यपि सम्झौता प्रवर्तते तथापि उभयदेशानां प्रतिनिधिमण्डलानां समागमः।

### राशिफल

**मेष** : कल के दिन सीखने के छोटे मौके मिलेंगे। एक क्लियर आइडिया चुनें और थोड़ी देर के लिए पढ़ें।

**वृषभ** : कल के दिन खुद पर भरोसा रखें। आपका दिमाग तेज और अलर्ट रहेगा। नए आइडिया जल्दी आ सकते हैं।

**मिथुन** : बातचीत को विनम्र और दृढ़ रखें, और पैसे को सावधानी से संभालें। एक नॉर्मल रूटीन कामों को पूरा करने में मदद करेगी।

**कर्क** : कल के दिन एक काम पूरा करें, शांति का आनंद लें, और प्यार से बात करें। धैर्य आपको लाभ तक पहुंचने में मदद करेगा।

**सिंह** : कल के दिन लव के मामले में शांत और कूल रहें। प्रोफेशनल सफलता आपकी भरोसेमंद साथी रहेगी।

**कन्या** : कल के दिन आपकी लव लाइफ बहुत अच्छी रहेगी। इसके साथ ही ऑफिस का शेड्यूल भी ज्यादातर बिजी रहेगा।

**तुला** : कल के दिन फाइनेंशियल दिक्कतें हो सकती हैं। आज आपकी सेहत नॉर्मल है। काम पर फोकस करें।

**वृश्चिक** : कल के दिन ऑफिशियल रवैया आधिकारिक मामलों को सुलझाने में मदद करेगा।

**धनु** : कल के दिन ऑफिशियल रवैया आधिकारिक मामलों को सुलझाने में मदद करेगा।

**मकर** : कल के दिन मैनेजमेंट के साथ आपके रिश्ते खराब होने की नौबत भी आ सकती है।

**कुंभ** : कल के दिन सेहत भी आपकी अच्छी रहेगी। आज के दिन लव लाइफ में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं।

**मीन** : अहंकार के चक्कर में अपने प्रेम संबंध को खराब न होने दें। नई प्रोफेशनल चुनौतियों का सामना पूरी मेहनत से करें।

### ज्योतिष/वास्तु

## 30 जून से बनेगा अंगारक योग, दिसंबर तक नौकरी-निवेश में बरतनी होगी सावधानी

अंगारक योग विशेष रूप से कुछ राशियों के लिए मुश्किलों भरा रहेगा। इस समय इन जातकों को निर्णय में जल्दबाजी से बचना बेहद जरूरी होगा।

30 जून 2026 को छाया ग्रह राहु धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इस नक्षत्र के स्वामी मंगल हैं। मान्यता है कि जब राहु का संबंध मंगल की ऊर्जा से बनता है, तब अंगारक योग का निर्माण होता है। ज्योतिष शास्त्र में अंगारक योग को उग्र और प्रभावशाली माना गया है। इसके प्रभाव से कुछ राशियों के जीवन में तनाव, निर्णय क्षमता कमजोर होना और स्वास्थ्य परेशानियां हो सकती हैं। चूंकि राहु 2 दिसंबर 2026 तक इसी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे, इसलिए यह नकारात्मक प्रभाव दिसंबर तक रहेगा। आइए इन राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। स्वास्थ्य के मामले में भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इस दौरान आप



कोई बड़ी व्यावसायिक डील कर सकते हैं। किसी बड़े निवेश में पैसा लगाने से पहले पूरी जांच-पड़ताल जरूर करें। परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंता भी बढ़ सकती है। आपको आर्थिक मामलों में जोखिम लेने से बचना होगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए अंगारक योग मानसिक तनाव बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को लेन-देन करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ मतभेद होने की संभावना है। धन खर्च होने से आर्थिक दिक्कतें हो सकती हैं। जोखिमपूर्ण धन निवेश से बचने की आवश्यकता रहेगी। आपके ऊपर आर्थिक दबाव रहेगा। कार्यों में आपको बार-बार असफलता का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु राशि-** किसी भी व्यक्ति के साथ धन का लेन-देन करते समय सावधानी बरतें। धनु राशि के जातकों को इस दौरान आर्थिक मामलों में विशेष सतर्कता रखने की आवश्यकता होगी। कार्यक्षेत्र में भी दबाव महसूस हो सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा क्योंकि जल्दबाजी में कही गई बात रिश्तों को प्रभावित कर सकती है। धन हानि या गलत जगह निवेश होने की आशंका बन सकती है। पारिवारिक मामलों में कुछ गलतफहमियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### आयरलैंड के खिलाफ दूसरा टी-20 आज, बेलफास्ट में बॉलर्स को मदद मिलेगी

## क्या वैभव सूर्यवंशी करेंगे डेब्यू, सीरीज बचाने उतरेगा भारत

ब्रह्मास्त्र ›› बेलफास्ट

भारत और आयरलैंड के बीच दूसरा टी-20 शाम 6 बजे से बेलफास्ट में खेला जाएगा। पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम सीरीज बचाने उतरेगी। अगर मेजबान आयरलैंड ने आज का मैच जीत लिया, तो पहली बार भारत के खिलाफ कोई सीरीज अपने नाम करेगा।

इस सीरीज में सबसे बड़ी चर्चा 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू की है। उन्हें पहले मैच में मौका नहीं मिला था, लेकिन हार के बाद टीम मैनेजमेंट प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकती है। अगर वैभव खेलते हैं तो भारत के सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले प्लेयर होंगे।

इस मुकाबले में भारत का लगातार 16 टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड भी दांव पर है। पहले मुकाबले में हार के साथ लगातार 12 टी-20 सीरीज जीतने का सिलसिला टूट गया था। इसी कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दोनों मैचों के बीच सिर्फ एक दिन का अंतर होने के बावजूद खिलाड़ियों के लिए नेट्स सेशन रखा।

**सूर्यांश भी खेल सकते हैं-** भारत की टीम में बदलाव तय माना जा रहा है। पहले मैच में वॉशिंगटन सुंदर को चुना गया था, लेकिन आयरलैंड में लेफ्टी बैटर्स कम होने के कारण उनका रोल सीमित रहा। यदि सूर्यांश शेडगे फिट होते हैं, तो उन्हें सुंदर की जगह मौका मिल सकता है। दूसरी ओर अगर वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलता है, तो बैटिंग पोजिशन में बदलाव होगा। अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग या पूरी टॉप ऑर्डर की पोजिशन में फेरबदल हो सकता है।

**हर्षित राणा पर जिम्मेदारी-** भारत के लिए हर्षित राणा सबसे सफल गेंदबाज रहे। चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप और क्ढछ से बाहर रहने के बाद उन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट झटके। बैटिंग में अभिषेक शर्मा ने 20 बॉल पर 49 रन बनाए थे।



### बेलफास्ट की पिच फिर बनेगी चुनौती

दूसरे मुकाबले में भी पहले मैच जैसी पिच मिलने की उम्मीद है। विकेट पर धीमापन और अतिरिक्त उछाल रहेगा। इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। बल्लेबाजों के लिए सीधे शॉट के बजाय स्क्वायर एरिया में रन बनाना आसान हो सकता है। बारिश की 15% संभावना है।

**भारत ने 8 मैच जीते-** भारत और आयरलैंड के बीच अब तक 9 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं। भारत ने 8 और आयरलैंड ने 1 मैच जीता है।

### गेंदबाजी और कप्तानी दोनों फेल रही

पहले टी-20 में भारत ने आयरलैंड को 30 रन पर 3 विकेट झटके दिए थे, लेकिन इसके बाद गेंदबाज लय बरकरार नहीं रख सके। आयरलैंड ने घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मैच पलट दिया। इस दौरान कप्तान श्रेयस अय्यर के फैसले भी चर्चा में रहे। उन्होंने वॉशिंगटन सुंदर को 16वें ओवर में पहली बार गेंदबाजी दी, जबकि सामने दोनों राइट हैंड बैटर थे। इस ओवर में 19 रन बने। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर में 26 रन बने। यहीं से मैच का रुख आयरलैंड की ओर मुड़ गया।

**मूंद्रा ने पहली बॉल पर विकेट लिया था-** पहले मैच में भारतीय मूल के आयरिश तेज गेंदबाज जय मूंद्रा ने अपने इंटरनेशनल करियर की पहली बॉल पर विकेट लिया था। राजस्थान के टोंक में जन्मे मूंद्रा ने आयरलैंड से खेलने का रास्ता चुना और अब अपने जन्मदेश के खिलाफ सीरीज जीतने के करीब हैं। आयरलैंड के लिए भारत के खिलाफ जीत 2022 में वेस्टइंडीज को वनडे सीरीज में 2-1 से हराने के बाद सबसे बड़ी सफलता है। टीम में बदलाव की संभावना नहीं है।


**आंकड़ों में मुकाबला-** आयरलैंड के कप्तान लॉर्कन टकर ने कप्तान बनने के बाद खेले तीनों टी-20 इंटरनेशनल में अर्धशतक लगाया है। जय मूंद्रा ने पहले टी-20 में डेब्यू की पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। प्रसिद्ध कृष्णा ने पिछले दो टी-20 इंटरनेशनल में 125 रन खर्च किए हैं। यह लगातार दो टी-20 इंटरनेशनल में किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन देने का रिकॉर्ड है।

### पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारतः** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा/वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, वॉशिंगटन सुंदर/सूर्यांश शेडगे, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और रवि बिश्नोई/प्रसिद्ध कृष्णा/प्रिंस यादव।

**आयरलैंडः** टिम टेक्टर, रॉस अडायर, हैरी टेक्टर, लॉर्कन टकर (कप्तान एवं विकेटकीपर), बेन कैलिट्ज, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू हम्फ्रीज, मैट हॉलार्ड, लियाम मैकार्थी और जय मूंद्रा।

## आयुष म्हात्रे ने विराट कोहली से की मुलाकात



ब्रह्मास्त्र ›› बेंगलुरु

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने विराट कोहली से मुलाकात की। शनिवार को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मुलाकात के बाद 17 साल के बल्लेबाज ने विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, एक दिग्गज के साथ हुई यह बातचीत कभी नहीं भूलूंगा। विराट इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली वनडे सीरीज से पहले फिटनेस टेस्ट के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे सीरीज नहीं खेल सके थे। कोहली को आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने चोट के बावजूद नाबाद 75 रन बनाए और आरसीबी को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।

## भारत को सेमीफाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा



ब्रह्मास्त्र ›› लंदन

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए से दूसरा सेमीफाइनलिस्ट आज तय होगा। लॉर्ड्स में दो मुकाबले होंगे। पहले मैच में साउथ अफ्रीका का सामना बांग्लादेश से होगा। दूसरे मैच में भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने होंगे।

ऑस्ट्रेलिया लगभग सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। दूसरा स्थान भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तय होगा। भारत के 4 मैचों में 6 अंक और +2.268 का नेट रनरेट है। साउथ अफ्रीका के भी 6 अंक हैं, लेकिन उसका नेट रनरेट +0.734 है।

### विमेंस वर्ल्डकप में साउथ अफ्रीका-बांग्लादेश मैच पर भी नजर होगी, लॉर्ड्स में आज दो मुकाबले

बांग्लादेश 4 अंक के साथ दौड़ में है, लेकिन उसका रनरेट (-0.849) काफी खराब है। ऑस्ट्रेलिया 8 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया 38 टी-20 में आमने-सामने हुए हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 27 और भारत ने 10 मैच जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है।

अगर भारत और साउथ अफ्रीका अपने-अपने मैच जीतते हैं तो तीनों टीमों के 8-8 अंक हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया बेहतर नेट रनरेट के कारण टॉप पर रहेगा। भारत का नेट रनरेट भी साउथ अफ्रीका से बेहतर है, इसलिए जीत उसे सेमीफाइनल में पहुंचा देगी।

अगर भारत पहले बल्लेबाजी कर 200 रन बनाता है तो ऑस्ट्रेलिया से टॉप स्थान छीनने के लिए उसे 93 रन से जीतना होगा। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को करीब 8.1 ओवर में मैच जीतना होगा। साउथ अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने के लिए लगभग 210 रन से जीत दर्ज करनी होगी, जो लगभग असंभव है।

## खबर एक नजर...

### सेमलिया फंटा दुर्घटना में डंपर चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के सेमलिया फंटा पर 22 जून की सुबह हुई दुर्घटना में बाइक सवार धर्मेन्द्र पिता शंकरलाल शेरवाल निवासी गढ़ मोहल्ला नरवर की मौत हो गई थी। उसके 2 साथी रोशन पिता देवीलाल वरखड़ेग और ओमप्रकाश उर्फ कालू पिता रामप्रसाद सूर्यवंशी गढ़ मोहल्ला गंभीर घायल हुये थे। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 3 दिन बाद मामले में बाइक को टक्कर मारने वाले डंपर चालक के खिलाफ घायल ओमप्रकाश के बयान दर्ज कर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। डंपर भोपाल पासिंग है, जिसे पुलिस ने दुर्घटनास्थल से जप्त कर लिया था। चालक मौके से भाग निकला था। पुलिस नम्बर के आधार पर चालक का पता लगा रही है। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार जारी है।

### रिपोर्ट दर्ज कराने की बात पर युवक के साथ मारपीट

**उज्जैन।** राजगढ़ के दयाखेड़ी में रहने वाला सत्यनारायण पिता रामसिंह छाड़ी माकडोन के ग्राम करेड़ी में रहने वाले साले के यहां कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। जहां उसे कालू कंजर और उसके साथियों ने घेर कर मारपीट की और गांव में आने की बात पर जान से मारने की धमकी दी। माकडोन पुलिस ने सत्यनारायण की शिकायत पर कालू कंजर और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि 3 सालों से ग्राम करेड़ी और राजगढ़ के कंजरों में विवाद चल आ रहा है। पूर्व में करेडी के कंजर राजगढ़ गये थे, उस दौरान वहां के कंजरों ने मारपीट की थी, यहीं नहीं उनके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज करा दिया था। उसके बाद से राजगढ़ के कंजर समुदाय का कोई भी व्यक्ति ग्राम करेड़ी आता है तो उसके साथ मारपीट की जाती है। सत्यनारायण ने बताया कि पूर्व में हुए विवाद में वह शामिल नहीं था, बावजूद से गांव दयाखेड़ी का होने पर मारा गया।

### भागने का प्रयास कर रहा मोबाइल चोर पकड़ाया

**उज्जैन।** रायसेन का रहने वाला रवि पिता प्रकाश उज्जैन आया था, वह शुक्रवार रात भोपाल लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन आने में समय था, जिसके चलते वह प्लेटफार्म पर बैठ गया, उसी वक्त उसकी झपकी लग गई। तभी एक बदमाश ने उसकी जेब से मोबाइल निकाल लिया और भागने लगा। रवि की आंख खुल गई और उसने शोर मचाया, बदमाश भाग पाता उससे पहले कुछ लोगों की मदद से प्लेटफार्म पर ड्युटी कर रहे जीआरपी के पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। बदमाश से चोरी किया गया 60 हजार रुपए कीमत का मोबाइल बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि मोबाइल चोर विराटनगर का रहने वाला लाखन पिता किशोर है, जिससे जीआरपी द्वारा अन्य वारदतों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### स्कूटी को टक्कर मारने के बाद भागा कार चालक

**उज्जैन।** सिविल अस्पताल के सामने स्कूटी सवार सुजल पिता सुनील जाधव निवासी वृंदावन धाम कालोनी को कार चलाक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुजल घायल हो गया। लोगों ने टक्कर मारने वाले कार चालक को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसका नम्बर सामने आने पर आरटीओ से कार मालिक की जानकारी मांगी गई है।

### इंगोरिया में नाले से मिली युवक की लाश

**उज्जैन।** नाले में लाश पड़ी होने की खबर मिलने पर इंगोरिया पुलिस शनिवार सुबह ग्राम बलेड़ी पहुंची थी। लाश का बाहर निकाला गया, कुछ देर में मृतक की पहचान हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। इंगोरिया थाना एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि ग्राम बलेड़ी के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि नाले में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। पुलिस ग्राम बलेड़ी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से लाश का बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान गोरधनलाल पिता बगदीराम 30 साल निवासी बलेड़ी के रूप में हो गई। एएसआई निनामा के अनुसार मृतक शराब का नशा करता था, उसके परिवार में कोई नहीं है। वह अकेला रहता था और मजदूरी का काम करता था। संभवतः नशे में नाले के पास से गुजरते समय गिरने पर उसकी पानी में डूबने से मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसकी मृत्यु का कारण स्पष्ट हो जायेगा।

### रात में हुई बारिश के बाद मौसम में आई ठंडक

**उज्जैन।** पिछले कुछ दिनों से रूक-रूक कर बारिश के क्रम धार्मिक नगरी में बना हुआ है। शनिवार सुबह साफ मौसम के साथ हुई और धूप खिली रही, दोपहर में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और उसम बढ़ने लगी। शाम ढलने के बाद मौसम करवट बदलता दिखा और रात 10 बजे के लगभग तेज बारिश शुरू हो गई। जिसके बाद ठंडक महसूस होने लगी थी। धार्मिक नगरी में 15 जून मानसून की दस्तक का समय माना गया है। लेकिन इस बाद पांच दिनों की देरी से बारिश की शुरूआत हुई और तापमान में गिरावट आने लगी। लेकिन मौसम वैज्ञानिकों ने इसे प्री-मानसून की गतिविधी बताया। 2 दिनों से कहा जा रहा है कि प्रदेश में मानसून की दस्तक हो चुकी है। इस बीच शनिवार को शहर में उमस बढ़ गई। दोपहर बाद कभी बादलों की जमघट तो कभी सूरज की तपीश से लोगों का बुरा हाल होने लगा। उम्मीद की जा रही थी शाम को बारिश होगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। शाम 6 बजे के लगभग हवा की रफ्तार 8 किलोमीटर की हो गई थी, जिससे मौसम सुहाना होने लगा और रात 10 बजे के लगभग अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 25 से 30 मिनट एक जैसी बारिश हुई और सड़कों पर पानी भर गया उसके बाद रिमझिम का दौर चलता रहा।

---

वेन धमाके के फरार आरोपियों की तलाश में पहुंची पुलिस अड़ान मोहल्ला

# दुर्व्यवहार का आरोप लगाकर लोगों ने घेरा बड़नगर थाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन






हवा में 40 फीट ऊंचाई पर वेन को लटकाकर धमाका करने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में शनिवार को पुलिस अड़ान मोहल्ला पहुंची तो कुछ लोगों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगा दिया और बड़नगर थाने का घेराव कर दिया। करीब 1 घंटे तक चले घेराव के बाद मामला शांत हुआ।

बड़नगर थाना क्षेत्र के जय स्तंभ चौक पर 23-24 जून की रात मोहर्रम जुलूस में वेन को हवा में लटकाकर धमाका करने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था और घटना को कारित करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक शांति के साथ सुरक्षा को खतरे में डालने की धारा 110, 125(ए), 287, 288, 223(बी), 285, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का मामला दर्ज कर मामले में शामिल शोएब पिता गब्बू, जाहिद पिता भूरा खां और तपसील उर्फ तस्लीम पिता नेहरू खा निवासी अड़ान मोहल्ला को गिरफ्तार किया था, जिन्हे पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। तीनों से उनके साथियों की जानकारी जुटाने के बाद शनिवार को उनकी गिरफ्तारी के लिये अड़ान मोहल्ला पहुंची, जहां एक आरोपी ने अपने साथी का मकान दूर से दिखाया। पुलिस उस मकान तक पहुंची और तलाशी का प्रयास करने लगी। तभी मकान में रहने वालों ने पुलिस पर बिना अनुमति आने और महिलाओं से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा दिया। कुछ देर बाद दर्जनों की संख्या में वर्ग विशेष समाज के लोग एकत्रित हो गये और बड़नगर थाने का घेराव कर दिया। मामले की खबर मिलते ही एडीओपी महेन्द्रसिंह परमार थाने पहुंचे और घेराव करने वालों से चर्चा शुरू की। इस दौरान लोगों का आरोप था कि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है। ना ही वेन धमाके में शामिल है। मकान पार्षद के परिवार का है, जहां पुलिस पहुंची है। एसडीओपी ने मामले को शांत करने और समझाने का प्रयास किया। इस बीच मामले की खबर मिलते ही आईपीएस करणदीपसिंह भी बड़नगर पहुंचे गये। उन्होने घेराव करने वालों से चर्चा की और पुलिस की विवेचना की बात कहीं। वहीं मामले में गलतफहमी सामने आना बताया। करीब एक घंटे बाद मामला पूरी तरह से शांत हो गया। दुर्व्यवहार का आरोप लगाने वालों ने अपनी बात का खंडन किया और मारपीट के साथ महिलाओं से किसी भी तरह दुर्व्यवहार नहीं होने की बात कहीं।

**यह बोले एएसपी**

बड़नगर पुलिस की विवेचना के दौरान कुछ लोगों ने आरोप-प्रत्यारोप किया था और थाने पहुंचे थे। जिनसे चर्चा की गई और मामला शांत कराया गया। उन्होने पुलिस पर जो आरोप लगाये थे उसका खंडन किया है।

**करणदीप सिंह, एएसपी ग्रामीण**

---

# चार थाना पुलिस ने चाकू के साथ पकड़े 6 बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद पुलिस द्वारा लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है अवैध हथियार, शराब और मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपियों पकड़ा जा रहा है। शुक्रवार-शनिवार 2 दिनों के दरमियान चार थाना पुलिस ने 6 बदमाश युवकों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से चाकू बरामद किये गये है। पहला मामला पंवासा थाना पुलिस ने दर्ज किया। प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने सूचना मिलने के बाद गरोठ ब्रिज के नीचे चाकू लेकर घूम रहे आफताब पिता हुसैन अली निवासी पंवासा मल्टी को गिरफ्तार कर चाकू जप्त किया। 3 मामले महाकाल थाना पुलिस ने दर्ज किये। जिसमें नृसिंहघाट से प्रधान आरक्षक शैलेष योगी ने अमन पिता रईस खान निवासी केडी गेट हाथी टेकरा को पकड़ चाकू बरामद किया। इससे पहले शुक्रवार को बेगमबाग के रहने वाले फरदीन उर्फ माया पिता फिरोज खान को स्मार्ट पार्किंग के पास बंद हाट बाजार से एसआई राजाराम चौहान द्वारा गिरफ्तार किया गया। यहीं नहीं प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने घी मंडी केनरा बैंक के पास से अल्तमस पिता आरिफ निवासी आगरनाका को पकड़कर चाकू बरामद किया। कोतवाली थाना प्रधान आरक्षक हेमंत परिहार ने फव्वारा चौक-दौलतगंज के बीच से मोहम्मद निजाम पिता सलीम निवासी हामूखेड़ी की तलाशी लेकर चाकू जप्त किया। सभी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स की धारा में प्रकरण दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया है। धार्मिक नगरी में सुरक्षा-व्यवस्था को एसपी प्रदीप शर्मा ने सभी थाना पुलिस को चैकिंग के सख्त निर्देश जारी किये है। जिसको लेकर पुलिस भ्रमण और गश्त के दौरान संदिग्धों की तलाशी लेकर पूछताछ कर रही है। हिस्ट्रीशिटर बदमाशों और गुंडों की अपराधिक गतिविधियों पर नजर रख उन्हे लगातार हिदायत दे रही है।

---

# रिमांड पर साइबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदने वालों का साथी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले गिरोह का दिल्ली में पढ़ाई करने वाला चौथा साथी गौरखपुर से पुलिस की गिरफ्त में आया था। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर पांच दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। गिरोह के तार बिहार से जुड़ना सामने आ रहे है।

माधवनगर थाना पुलिस ने 18 जून का नर्मदापुरम के रहने वाले कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय को सखीपुरा स्थित होटल हीरा पैलेस में दबिश देकर गिरफ्तार किया। तीनों अपने साथियों के साथ मिलकर साइबर ठगी की राशि से गोल्ड क्वाइन की खरीदी करते थे। उज्जैन में तीनों ने घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम के साथ 2 अन्य ज्वेलर्स के यहां भी खरीदी की थी और क्यूआर कोड से साइबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन किया था।

तीनों से रिमांड पर हुई पूछताछ के बाद पुलिस की टीम दिल्ली पहुंची थी। जहां गिरोह का साथी शौकत पढ़ाई करता है। उसे साथियों के उज्जैन पुलिस की गिरफ्तारी में आने का पता चलने पर वह अपने पैतृक घर गौरखपुर भाग निकला था। पुलिस ने उसे गौरखपुर से गिरफ्तार किया और उज्जैन लाई। जिसे शनिवार को पांच दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। अब उसके अन्य साथियों का पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ठगी के तार बिहार से जुड़ रहे है। पुलिस की टीम बिहार जा सकती है।




**पुलिस ने भी तीनों के खिलाफ 2 मामले दर्ज किये थे**

विदित हो कि उज्जैन पुलिस को डीपीके ज्वेलर्स के प्रबंधक द्वारा शोरूम के खाते में साइबर ठगी की राशि आने और खाता होल्ड होने पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद माधवनगर पुलिस ने प्रदेश के पहले ऐसे मामले का खुलासा किया था, जिसमें साइबर ठगी करने वालों द्वारा ठगी की राशि से गोल्ड की खरीदी की जा रही थी। उज्जैन पुलिस के खुलासे के बाद भोपाल हबीबगंज थाना पुलिस ने भी तीनों के खिलाफ 2 मामले दर्ज किये थे। आरोपियों ने भोपाल के हबीबगंज और कोलार थाने में चार ज्वेलर्स के खातों में ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन किया था। चारों के खाते होल्ड हो गये थे।

---

हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव पर गूंजा शिवाजी महाराज का जयघोष

# हर घर से एक शिवाजी और प्रत्येक परिवार में एक जीजाबाई का आदर्श विकसित हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




महामृत्युंजय द्वार इंदौर रोड स्थित कीर्ति नगर श्रीराम हनुमान मंदिर प्रांगण में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में श्रद्धा, उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती कीर्ति राजेश शर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि वीरता, पराक्रम, अद्वितीय युद्ध कौशल, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक स्वाभिमान के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश जिन विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्येक घर से शिवाजी महाराज जैसा निर्भीक, राष्ट्रनिष्ठ और चरित्रवान युवा तैयार होना चाहिए। साथ ही, ऐसे संस्कारवान और राष्ट्रभक्त व्यक्तित्वों के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार में राजमाता जीजाबाई जैसी आदर्श, संस्कारवान एवं प्रेरणादायी माताओं की भी महती आवश्यकता है।

कार्यक्रम में समाज के अन्य वक्ताओं के द्वारा भी छत्रपति शिवाजी के बारे में विस्तार से बताया गया। देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत वातावरण रहा। छोटे-छोटे बच्चों, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव को गरिमामय बनाया। उपस्थित सभी लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया।

---

### बिना सामान चेक कराए प्रवेश कर रहे यात्री, खतरे में सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों राम भरोसे ही बनी हुई है। रेलवे स्टेशन पर बैग स्कैनर मशीन तो है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है इस कारण बिना सामान चेक कराए ही यात्री अंदर एंट्री कर रहे हैं। कई महीने से यह स्थिति बनी हुई है। ऐसे में प्लेटफार्म पर प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की पहचान नहीं हो पा रही है। महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन उसके बाद भी सुरक्षा की दृष्टि से लगेज स्कैनर मशीन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उज्जैन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के तहत मुख्य भवन के प्रवेश द्वार पर लगेज स्कैनर मशीन लगाई गई थी। रेलवे स्टेशन पर इस आधुनिक मशीन का उपयोग काफी कारगर रहा। लेकिन पिछले कई महीने से इस मशीन का उपयोग नहीं हो रहा है।

---

# पर्स उठाते कैमरे में दिखी महिला सफाईकर्मी

फरियादी ने दर्ज नहीं कराई शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चरक अस्पताल में शनिवार को उपचार के लिये आई महिला का पर्स गुम हो गया। उसने 3 लाख के आभूषण रखे होने की शिकायत कोतवाली थाने पहुंचकर की। पुलिस हरकत में आ गई और कैमरों के फुटेज खंगाले। महिला सफाईकर्मी पर्स उठाते दिखाई दी।

हेलावाड़ी क्षेत्र की रहने वाली महिला अपनी मां का उपचार करने चरक अस्पताल पहुंची थी। इस दौरान उसका पर्स गिर गया। पर्स में चांदी के कुछ आभूषणों के साथ सोने का मंगलसूत्र और नगद रुपए रखे थे। पर्स नहीं मिलने पर महिला कोतवाली थाने पहुंची और बताया कि पर्स चोरी हो गया है। जिसमें 3 लाख के आभूषण रखे थे। पुलिस हरकत में आ गई और कैमरों के फुटेज देखने के लिये चरक अस्पताल पहुंच गई। कुछ देर में फुटेज के आधार पर पता चला कि पर्स महिला सफाईकर्मी को मिला है। जिसे थाने पर तलब किया गया और पर्स बरामद किया गया। महिला सफाईकर्मी का कहना था कि उसे सफाई के दौरान मिला था। बताया जा रहा है पर्स में साढे तीन हजार रुपए, 6 से 8 सोने के मोती लगा मंगलसूत्र और चांदी की पायल रखी थी। जिसकी कीमत लगभग 30 हजार के आसपास थी। पुलिस ने शिकायत करने वाली महिला से पूछा तो उसने इतना ही सामान होना बताया। उससे शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा गया तो उसका कहना था कि पर्स मिल गया है, वह शिकायत दर्ज करना नहीं चाहती है। पुलिस ने पर्स लौटाकर महिला सफाईकर्मी को हिदासत देकर छोड़ दिया।

---

न्यायिक हिरासत में दवा बाजार में चाकू से किए थे 10-12 बार हमला करने वाला आरोपी

# ऑपरेशन के बाद युवती की हालत अब खतरे से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दवा बाजार में युवती पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। इधर युवती की ऑपरेशन के बाद हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

बापूनगर में रहने वाली पूजा उर्फ गुनगुन रजक 19 साल पर शुक्रवार दोपहर ग्राम डेंडिया में रहने वाले सुनील जारोलिया ने चाकू से हमला कर दिया था। उसने 10 से 12 वार किये थे, पूजा को चाकू के पांच गहरे घाव लगे थे। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। पुलिस ने घटनाक्रम सामने आने के बाद आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। शासकीय अस्पताल से घायल पूजा का निजी अस्पताल ले जाया गया था। 4 घंटे बाद पुलिस ने हमला करने वालों को इंजीनियरिंग कॉलेज के पास घेर लिया था, जिसने बचकर भागने के लिये दीवार पर चढ़ने का प्रयास किया था और गिर गया था। जिसके चलते उसे पैर में चोंट लगी और वह भागने में सफल नहीं हो पाया। नीलगंगा पुलिस से हिरासत में लेकर चरक अस्पताल पहुंची थी, जहां पैर की हड्डी टूटना सामने आया। उसे उपचार के लिये भर्ती किया गया। रातभर अभिरक्षा में चले उपचार के बाद शनिवार दोपहर आरोपी का डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस उसे थाने लेकर आई जहां गिरफ्तारी करने के साथ उससे हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद कर कोर्ट में पेश किया।

जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि घायल युवती को पेट में लगे चाकू के गहरे घाव से उसकी आंते बाहर आ गई थी। जिसके चलते निजी अस्पताल में उसका ऑपरेशन किया गया। अब युवती की हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि पूजा और चाकू मारने वाले आरोपी सुनील की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी।



**करीब 4 सालों से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी चल रहा था**

करीब 4 सालों से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। पूजा बीए प्रथम वर्ष का अध्ययन करने के साथ दवा बाजार में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करती है। कुछ समय पहले उनके बीच बात बिगड़ गई थी। पूजा ने बातचीत करना बंद कर दिया था। सुनील उसे परेशान करने लगा था। 15 जून को मामला नानाखेड़ा थाने पहुंचा था, जहां दोनों के बीच राजीनामा हो गया था और आगे से परेशान नहीं करने की बात हुई थी। लेकिन सुनील नहीं माना और उसने दवा बाजार जाते समय पूजा पर हमला कर दिया।

**हत्या में शामिल आरोपी को भेजा गया जेल**

चिमनगंज थाना पुलिस ने जावरा के रहने वाले अनिल जोशी की शिकायत साधु बन चुके भाई गंगेश्वरगिरी के लापता होने का मामला दर्ज किया था। जिसकी लाश 18 जून को मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया के पीछे से समाधि खोदकर निकाली गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने पर लगी चोंट से मौत होना सामने आया था। पुलिस जांच में पता चला था कि गंगेश्वरगिरी का झगड़ा कौशिक सोनी निवासी शिवांश पैराडाइज से हुआ था। उसने पानी की केन सीने पर मारी थी। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा का इजाफा कर कौशिक सोनी को गिरफ्तार किया था। जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com